आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 134 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, सोमवार, 19 मई, 2025

# लश्कर का टॉप कमांडर अबू सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

## RSS मुख्यालय पर हमले का था मुख्य साजिशकर्ता

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**



आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया।

### पाकिस्तान सरकार ने मुहैया कराई थी सुरक्षा

अधिकारियों ने बताया कि रजाउल्ला को पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा भी मुहैया कराई हुई थी। वह रविवार दोपहर को सिंध के मतली स्थित अपने घर से कहीं जाने के लिए बाहर निकला था। एक क्रॉसिंग के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने रजाउल्ला की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सैफुल्ला को गोली लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इन रिपोर्ट में इसे आपसी रंजिश का मामला भी बताया गया है। लश्कर आतंकी अबू अनस का करीबी सैफुल्ला आरएसएस मुख्यालय पर हमले का मास्टरमाइंड था। आरएसएस मुख्यालय पर हमला करने वाले तीनों आतंकवादी मार गिराए गए थे।

आरएसएस मुख्यालय पर हमले की साजिश रचने के अलावा सैफुल्ला 2005 में बंगलूरू में भारतीय विज्ञान संस्थान पर हुए आतंकी हमले में भी शामिल था। इस हमले में आईआईटी के प्रोफेसर मुनीश चंद्र पुरी मारे गए थे और चार अन्य घायल हो गए थे। आतंकी हमले के बाद घटनास्थल से भाग निकले थे। बाद में पुलिस ने मामले की जांच की और अबू अनस के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अनस अभी फरार है। सैफुल्ला 2008 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हुए हमले का भी मास्टरमाइंड था। इस हमले में सात जवान और एक नागरिक मारे गए थे। दोनों आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे।

### नेपाल में लंबे समय तक छिपकर रहा

सैफुल्लाह लंबे समय तक नेपाल में फर्जी पहचान के साथ छिपकर रहा था और अपने नापाक मंसूबों को अंजाम दे रहा था। भारतीय खुफिया एजेंसियों को सैउल्लाह के नेपाल में छिपे होने की जानकारी हुई तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया। फिलहाल वह मतली से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा था। वह मुख्य तौर पर लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के लिए फंड जुटाने का काम करता था। सैफुल्ला लश्कर के तथाकथित 'लांचिंग कमांडरों' आजम चीमा उर्फ बाबाजी और याकूब (लश्कर का मुख्य लेखाकार) के साथ मिलकर काम कर रहा था।

### कई आतंकियों को मार चुके हैं अज्ञात बंदूकधारी

पाकिस्तान में पिछले कुछ महीनों के दौरान अज्ञात बंदूकधारी कई आतंकियों को मौत के घाट उतार चुके हैं। इस साल मार्च में अज्ञात बंदूकधारियों ने लश्कर आतंकी फैजल नदीम उर्फ अबु कताल सिंधी की हत्या कर दी। कहा जाता है कि अबु कताल लश्कर सरगना हाफिज सईद का भतीजा था। कताल ने ही पिछले साल 9 जून को रियासी के शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कराया था। सूत्रों का कहना है कि अज्ञात बंदूकधारियों के हाथों मारे गए आतंकियों की सूची लंबी है। हालांकि इनमें से कुछ नाम लश्कर आतंकी मौलाना काशिफ अली, आईएसआई का अंडरकवर एजेंट मुफ्ती शाह मीर, आतंकी सरगना मसूद अजहर का करीबी रहीम उल्लाह तारिक, लश्कर आतंकी अकरम गाजी, ख्वाजा शाहिद जियाउर रहमान, हिजबुल आतंकी बशीर अहमद पीर, जैश-ए-मोहम्मद आतंकी जहूर इब्राहिम आदि हैं।

### अहमदाबाद से अमित शाह का पाकिस्तान को दो टूक संदेश

# 'आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते'

**एजेंसी ● अहमदाबाद**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। गृह मंत्री राष्ट्रध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। उन्होंने अहमदाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए शाह ने कहा कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगा। आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) को वापस लेने और आतंकवाद को खत्म करने को लेकर ही होगी। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पैदल मार्च में हिस्सा लेने वालों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी, स्थानीय विधायक, भाजपा नेता और कार्यकर्ता तथा यहां के शिक्षक और प्राथमिक एवं माध्यमिक विभागों के पदाधिकारी शामिल थे।

गुजरात भाजपा ने कहा कि यात्रा में साणंद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग, सामाजिक और राजनीतिक नेता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और भारत माता की जय के नारे लगाए तथा सशस्त्र बलों के साहस और वीरता को सलाम किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में भाजपा की ओर से सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इससे पहले अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित 'सहकारी महासम्मेलन' में अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी।

## विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल संग चर्चा करेंगे मिस्री

**नई दिल्ली।** आतंकवाद के पनाहगाह पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों संग विदेश सचिव विक्रम मिस्री चर्चा करेंगे। दो चरणों में होने वाली प्रक्रिया में मिस्री सांसदों को ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के खिलाफ अहम तथ्यों से अवगत कराएंगे। साथ ही भारत के आधिकारिक रुख की भी उन्हें जानकारी देंगे जिससे प्रतिनिधिमंडल विदेशों में देश का पक्ष पूरी मजबूती के साथ रख सके। संसद भवन में पहला चरण 20 मई जबकि दूसरा चरण 23 मई को होगा। इन सात प्रतिनिधिमंडलों में अलग-अलग राजनीतिक दलों के सांसद, पूर्व मंत्री और पूर्व राजदूत शामिल हैं।

### स्टालिन की गैर-भाजपा शासित 8 मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी :कहा-

# राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से पूछे संदर्भों का विरोध करें

**एजेंसी ● चेन्नई**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल, झारखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर (सभी गैर-भाजपा शासित राज्य) के 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से मांगे गए संदर्भ का विरोध करने की अपील की है।

स्टालिन ने लिखा- 'हम सभी जानते हैं कि जब किसी मुद्दे पर कोर्ट के आधिकारिक फैसले से पहले ही निर्णय लिया जा चुका हो, तब सुप्रीम कोर्ट के सलाह देने के क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। फिर भी भाजपा सरकार ने राष्ट्रपति पर संदर्भ मांगने के लिए जोर दिया है, जो उनके भयानक इरादे बताता है।

इसके बावजूद भाजपा सरकार ने संदर्भ मांगने पर जोर दिया है, जो उनके भयावह इरादे की ओर इशारा करता है। मैं गैर-भाजपा शासित सभी राज्यों से अपील करता हूं कि राष्ट्रपति द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भेजे गए संदर्भ का विरोध करें।'

हमें कोर्ट में कानूनी रणनीति पेश करनी चाहिए। साथ ही संविधान के मूल ढांचे की रक्षा करने के लिए एक मोर्चा (फ्रंट) बनाना चाहिए, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में बरकरार रखा है। मैं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप की आशा करता हूं।

# हैदराबाद में दर्दनाक हादसा, 17 की मौत

## चारमीनार के पास बिल्डिंग में आग, मृतकों में 8 बच्चे भी थे; संकरी सीढ़ी से निकल नहीं पाए

**एजेंसी ● हैदराबाद**



हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया।

फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है।

फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

## महाराष्ट्र : सोलापुर में टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मालिक समेत 8 लोगों की मौत

**एजेंसी ● मुंबई**



महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में रविवार तड़के एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल हैं। यह हादसा सोलापुर एमआईडीसी स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल मिल्स में सुबह करीब 3:45 बजे हुआ।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। मृतकों में फैक्ट्री के मालिक हाजी उस्मान हसनभाई मंसूरी, उनके परिवार के तीन सदस्य, जिनमें उनका डेढ़ वर्षीय पोता भी शामिल है। अग्निकांड में मरने वालों में चार श्रमिक शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू में करने में दमकल विभाग को करीब पांच से छह घंटे लग गए। अभी भी आग बुझाने का काम जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत-बचाव कार्य जारी है। फैक्ट्री में लगी आग के कारण हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के सोलापुर में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य संग्रहालय में इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का किया लोकार्पण

# संग्रहालयों के तकनीकी उन्नयन से देश-दुनिया में प्रदेश की विशेष बनी है पहचान : मुख्यमंत्री

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों के प्रति युवाओं की रूचि विकसित करने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए जानकारियों का आकर्षक रूप से प्रस्तुतिकरण आवश्यक है। धरोहरों के संरक्षण के लिए भी अद्यतन तकनीक का उपयोग जरूरी है। इस दृष्टि से राज्य संग्रहालय ने इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर आरंभ करने का नवाचार समयानुकूल है। प्रदेश में स्मारकों और संग्रहालयों में दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संग्रहालयों की समृद्ध परंपरा में मध्यप्रदेश जिस प्रकार से कार्य कर रहा है, उससे देश- दुनिया में प्रदेश की विशेष पहचान बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का लोकापर्ण किया तथा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों का भी वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम बदलते दौर के भारत में रह रहे हैं। यह बदलाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। संग्रहालय अब इतिहासकारों और शोधार्थियों के साथ-साथ जनसामान्य के लिए भी रूचि-आकर्षण और ज्ञार्नाजन के केंद्र का रूप ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने राज्य संग्रहालय की सराहना करते हुए कि पर्यटकों के लिए अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा- उच्च शिक्षा और पर्यटन विकास निगम संयुक्त रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के संग्रहालय भ्रमण का संभागवार क्रम बनाएं, इससे विद्यार्थी, प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ेंगे और राज्य संग्रहालय की खुबियों से अधिक से अधिक लोग परिचित हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक केंद्रो को जन सामान्य से जोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर गतिविधयां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के प्रमुख नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरूषों को समर्पित द्वार विकसित किए जा रहे हैं। हमारे देवस्थान अभी तक केवल पूजा-पाठ के लिए जाने जाते थे। प्रदेश में निर्मित हुए महाकाल लोक सहित अन्य लोकों ने मंदिरों को आस्था, श्रद्धा के साथ-साथ लोक रुचि का भी स्वरूप प्रदान किया है । प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला, मुद्रा व्यवस्था सहित संपूर्ण जीवन पद्धति उन्नत स्वरूप में थी। नवीनतम तकनीक से इनके संरक्षण और प्रस्तुतीकरण से हमारी समृद्ध धरोहर को वर्तमान और आगामी पीढ़ी की रूचि के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य संग्रहालय परिसर में आयोजित 'संग्रहालय मेला' के अंतर्गत पुरातत्व के संरक्षण और संवर्धन से संबंधित विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने उत्खनन उपकरण के प्रकार और कार्य सहित दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेले में ऐतिहासिक इमारतों के 3डी प्रिंटिंग और कॉस्टिंग से बने मिनिएचर और पीओपी से बनी मूर्तियों को सराहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम केंद्र 'आंखों देखा' का शुभारंभ किया गया, जो आगंतुकों को एक अद्वितीय डिजिटल अनुभव प्रदान करेगा। यह केंद्र इंटरैक्टिव और इमर्सिव तकनीक के माध्यम से बिना किसी फिजिकल गाइड के संग्रहालय की गहन यात्रा का अनुभव कराएगा। इससे दर्शकों को इतिहास को करीब से देखने का अनुभव मिलेगा और वे स्टीरियोस्कोपिक 3-डी में भव्य ऐतिहासिक महलों की एक रोमांचक कहानी यात्रा का अनुभव कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संचालनालय के अधिकृत मैस्कॉट वाकणकर दादा का लोकार्पण भी किया गया। यह मैस्कॉट प्रसिध्द पुरातत्वविद पद्मश्री विष्णु श्रीधर वाकणकर के कार्यों और योगदान को समर्पित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के त्रैमासिक न्यूज लैटर "ऑफबीट मध्य प्रदेश" के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संचनालय पुरातत्व द्वारा प्रकाशित 11 नवीन पुस्तकों का विमोचन भी किया। इसमें भिंड जिले का पुरातत्व, रतलाम जिले का पुरातत्व, बैतूल जिले का पुरातत्व, बड़वानी जिले का पुरातत्व, कटनी जिले का पुरातत्व, भोपाल के चिचित्र शैलाश्रय, रायसेन के चिचित्र शैलाश्रय, सहित संचनालय का कंजर्वेशन मैनुअल और नियम पुस्तिका शामिल है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने संचालनालय पुरात्व द्वारा जारी गतिविधियों की जानकारी दी।

## मृतक के ही मोबाइल से परिवार को भेज दिया था झूठा मैसेज

# 'दृश्यम' स्टाइल में युवक की हत्या, नमक डालकर शव को गाड़ दिया

संवाददाता ● इंदौर

खुड़ैल में 'दृश्यम' फिल्म की तर्ज पर एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी रोहित परमार ने 1 मई को प्रेमिका के भाई विशाल पिता अजय की गोली मारकर

**वारदात**

हत्या कर दी। इसके बाद शव को छोटी खुड़ैल के तालाब के पास गाड़ दिया। बाद में उसी के मोबाइल से परिजन को सांवरिया सेठ जाने का मैसेज किया ताकि किसी को शक





न हो, हालांकि पूरा भेद खुल गया और पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि 3 मई को खुड़ैल थाना में सेमलिया चाऊ निवासी विशाल चौहान की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। परिवार के लोगों ने बताया कि वह शादी में जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसने मोबाइल से मैसेज किया था कि वह सांवरिया सेठ जा रहा है, लेकिन कॉल करने पर फोन नहीं उठाया। इस पर पुलिस को शंका हुई और मामले की जांच शुरू की तो सच्चाई सामने आ गई। एसपी हितिका वासल के अनुसार, आरोपी रोहित विशाल की बहन से प्रेम करता था। विशाल को बहन से प्रेम संबंध का पता चल गया जिसके बाद रोहित ने विशाल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। वासल के मुताबिक रोहित ने बताया कि विशाल को उसकी बहन से मेरे प्रेम संबंध का पता लगने के बाद वह मुझे ब्लैकमेल करता था। वह मुझे धमकाकर ब्लैकमेल कर 80 हजार रुपए ले चुका था। इसके बाद मैंने उसकी हत्या का प्लान बनाया। मैंने दोस्त वीरेंद्र दायमा के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के दौरान हुए झगड़े में एक गोली वीरेंद्र के पैर में भी लगी थी।

### हत्या के बाद मोबाइल रख लिया

रोहित ने बताया कि विशाल की हत्या के बाद उसने विशाल का मोबाइल रख लिया था। दो मई को उसके मोबाइल से विशाल के परिजन को मैसेज किया कि सांवरिया सेठ जा रहा हूं। इसके बाद रोहित मोबाइल लेकर सांवरिया सेठ भी गया ताकि पुलिस गुमराह हो। छह दिन बाद फिर दोबारा लिखा कि मैं अपनी प्रेमिका से शादी करने जा रहा हूं। इसलिए मुझे ढूंढ़ा नहीं जाए।

दोबारा निकलवाया शव - इस दौरान तेज बारिश हुई तो रोहित को लगा कि विशाल का शव गड्ढे में से ऊपर आ जाएगा। इसके बाद उसने दो लोगों को 40 हजार रुपए देकर फिर से शव को गहरे गड्ढे में दफनाया। बबलू खाड़वा और सोनू ने शव को और गहराई में दफनाया। इसके बाद डिकंपोज करने के लिए नमक डाल दिया। 15 दिन बाद खुलासा होने पर पुलिस ने शव निकाला और आरोपियों को पकड़ लिया।

## मंत्री श्री विश्वास सारंग ने किया नरेला विधानसभा के वार्ड 39 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

# निरंतर विकास ही नरेला विधानसभा की पहचान है : मंत्री सारंग

संवाददाता ● भोपाल



सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 39 के नवीन नगर में सी.सी. रोड, नाली निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही नवीन नगर में पार्क और खेल मैदान बनाने की घोषणा भी की। मंत्री श्री सारंग ने भूमि पूजन के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से प्रारंभ हुई नरेला विधानसभा की विकास यात्रा आज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और यही सतत विकास आज नरेला की पहचान बन चुकी है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा एक समय पर मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्षरत थी, लेकिन आज यह विधानसभा प्रदेश की अग्रणी और आदर्श विधानसभाओं में गिनी जाती है। आगे उन्होंने कहा कि हम ना केवल वर्तमान आवश्यकताओं को बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के हर नागरिक को बुनियादी सुविधाओं से लेकर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे। सी.सी. रोड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के भूमिपूजन से नवीन नगर एवं आसपास के क्षेत्रवासी लाभान्वित होंगे। नवीन सड़कों के निर्माण से यातायात सुगम होगा, जिससे नागरिकों को रोजमर्रा के आवागमन में राहत मिलेगी

**रहवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत** - सारंग का नवीन नगर के रहवासियों ने भूमिपूजन समारोह के दौरान पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। साथ ही नवीन सौगात के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंत्री श्री सारंग ने भी क्षेत्रवासियों के अपार स्नेह और विश्वास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शॉट न्यूज

### मोबाइल चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़ाए

**इंदौर।** शहर में मोबाइल लूट की घटनाओं पर नकेल कसते हुए क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्यवाही कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी छात्रों और युवतियों को अपना निशाना बनाते थे। हाल ही में बीबीए की पढ़ाई कर रहे एक छात्र के साथ हुई मोबाइल चोरी की वारदात के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को धर दबोचा। क्राइम ब्रांच को मोबाइल लूट से जुड़ी जानकारी मिल रही थी, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। इसी क्रम में तीन संदिग्ध राहुल पुत्र मुकेश नायक निवासी मोती तबेला देवास, प्रकाश पुत्र हरीश नामदेव निवासी जिंसी और शिव पुत्र संतोष भोई को पकड़ा गया। उनके पास से छात्रा ऋषि तारने का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में छात्रा ने बताया कि वह गुजराती कॉलेज, विजयनगर में परीक्षा देने गई थी।

### हिंदू लड़कियों को झांसे में लेकर मुस्लिम युवकों ने किया दुष्कर्म

**इंदौर।** शहर में भी हिंदू युवतियों को लव जिहाद में सुनियोजित ढंग से फंसाकर उनसे दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के मामले सामने आए हैं। इससे साबित हो रहा है कि मध्य प्रदेश के कई शहरों में यह गिरोह काम कर रहे हैं। इंदौर पुलिस की जांच में सामने आया कि शहर के कुछ काल सेंटर को आरोपितों ने लव जिहाद की गतिविधियों का अड्डा बना रखा है। यहां मुस्लिम युवक हिंदू नाम से युवतियों से संपर्क करते हैं फिर उन्हें दुष्कर्म का शिकार बनाते हैं। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि इन मुस्लिम युवकों को इस काम में उनके परिवार की महिलाएं भी सहयोग करती हैं। पुलिस के अनुसार, एक कॉल सेंटर में काम करने वाली पांच से ज्यादा युवतियों से शारीरिक शोषण की जानकारी अभी तक मिल चुकी है। फरहान और हन्नेन खान को पकड़ा तो उनसे कई चौंकाने वाले राजफाश हुए हैं।

### इंदौर के सदर बाजार क्षेत्र में चाकूबाजी

**इंदौर।** रविवार रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आमने-सामने हो गए। एक पक्ष ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें दो घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए एमवाय भेजा गया। इधर, एक पक्ष के लोग भीड़ के साथ थाने पहुंचे। सूचना के बाद वरिष्ठ अफसर भी यहां पहुंचे। लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना सदर बाजार इलाके के मराठी मोहल्ले की है। यहां पर युवक कुणाल और उत्तम पर जफर और उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जब घटना की जानकारी रहवासी और युवकों के परिवार के लोगों को लगी तो वह थाने पहुंचे। यहां आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग करने लगे। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों पर केस दर्ज किया है। उनकी तलाश की जा रही है।

# हार्टीकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम पर क्षेत्रीय जागरूकता बैठक

## बागवानी क्षेत्र को सशक्त करने और किसानों की आय बढ़ाने पर हुआ मंथन

संवाददाता ● भोपाल

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, भारत सरकार के समन्वय से मध्यप्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा "हार्टीकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम (CDP)" के अंतर्गत "क्षेत्रीय जागरूकता कार्यक्रम सह हितधारक बैठक" का आयोजन भोपाल स्थित मध्यप्रदेश उद्योग विकास निगम, पंचानन भवन में किया गया।

**बैठक**

आयुक्त, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण श्रीमती प्रीति मैथिल ने कहा कि बागवानी क्षेत्र में समग्र विकास, अधोसंरचना विस्तार, बाजार सुविधा, मूल्य संवर्धन एवं किसानों की आमदनी में वृद्धि जैसे उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयुक्त श्रीमती मैथिल ने प्रदेश से इच्छुक हितधारकों को योजना के अंतर्गत कॉन्सेप्ट नोट एनएचबी पोर्टल पर प्रस्तुत करने के लिये प्रोत्साहित किया और अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। सभी संबंधित एजेंसियाँ एवं निजी संस्थान इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें जिससे बागवानी क्षेत्र को एक नई दिशा और किसानों को बेहतर लाभ मिल सके। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, भारत सरकार के उप संचालक श्री रविन्द्र दांगी ने सीडीपी योजना की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत हाई वैल्यू मल्टी कमोडिटी और पेरी अर्बन क्लस्टर्स विकसित किए जाएंगे। इसके लिए एक चिन्हित फोकस फसल होना आवश्यक है और उस फसल का वार्षिक फार्म गेट मूल्य कम से कम 100 करोड़ रुपये होना चाहिए। योजना में वित्तीय सहायता की अधिकतम सीमा फार्म गेट मूल्य के 25 प्रतिशत तक निर्धारित की गई है। बैठक में सीडीपी योजना के अंतर्गत आने वाले मुख्य पैरामीटर, फसल चयन, मूल्यांकन मापदंड, क्लस्टर विकास की प्रक्रिया, किसानों की भागीदारी तथा लाभार्थियों की पात्रता पर भी चर्चा की गई। हितधारकों द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। बैठक में भोपाल संभाग से श्रीमती यशोधरा कल्याण, सीडीपी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट से श्रीमती नीरू दुबे, श्री एस.के विधान, मध्यप्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, के प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ ओर निजी क्षेत्र के अन्य हितधारक ऑनलाईन एवं ऑफलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

### शाजापुर स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल रेल मंडल अंतर्गत शाजापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यह स्टेशन अब उद्घाटन के लिए पूर्णतः तैयार है। इस अवसर पर स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक विशेष मीडिया विजिट टूर का आयोजन किया गया है, जिसमें आपको स्टेशन परिसर का भ्रमण कराते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के उन्नयन कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की जाएगी। आपसे निवेदन है कि दिनांक 19 मई 2025 को शाजापुर एवं इसके आसपास के क्षेत्र के स्थानीय प्रिंट / इलेक्ट्रॉनिक / सोशल मीडियाकर्मी शाजापुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 15:00 बजे समय पर उपस्थित होकर इस मीडिया टूर का हिस्सा बनें। आपकी गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है।

### बिजली बिल भुगतान नहीं करने पर सुरेंद्र पर हुई लायसेंस निलंबन की कार्रवाई

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट गुना श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा शस्त्र लाइसेंस निलंबन का नोटिस देने के बाद भी बिजली का बकाया बिल जमा नहीं करने वाले श्री सुरेंद्र कपूर निवासी कालापाठा कैंट जिला गुना का शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शस्त्र संबंधित थाने में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। श्री सुरेंद्र कपूर के ऊपर बिजली कंपनी की लगभग 8 लाख से अधिक बकाया राशि है जिसे नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं कराई गई है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के जिलों में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आर्म्स डीलर लाईसेंस एवं शस्त्र लाईसेंस की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के लिए बिजली कंपनी से नोड्यूज प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया है। कंपनी द्वारा गृह विभाग, म.प्र. शासन के आदेश के अनुसार कंपनी कार्यक्षेत्र के ऐसे शस्त्रधारी बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा बकाया विद्युत बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, साथ ही ऐसे शस्त्रधारी बिजली उपभोक्ता जो अनधिकृत बिजली का उपयोग अथवा बिजली चोरी करते पाए जाएंगे उनके आर्म्स डीलर लाईसेंस और शस्त्र लाईसेंस को जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से निलंबित कराने की कार्यवाही की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि जो भी शस्त्र लाईसेंसधारी उपभोक्ता अपनी बकाया बिल राशि जमा नहीं करते हैं तो उनके शस्त्र लाईसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित करवाने की कार्यवाही की जाएगी।

### बाइक पर चलती-फिरती दुकान



महंगाई के दौर में लोग अपनी जिंदगी इस प्रकार बाइक पर दुकान चलाकर गुजर-बसर कर रहे हैं।

# सीएम ने प्रथम संस्करण का विमोचन किया

संवाददाता ● भोपाल

"ऑफबीट मध्य प्रदेश" न्यूज लेटर का द्वितीय संस्करण है। इसके पूर्व माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसके प्रथम संस्करण का विमोचन किया था। इसे अंतर्राष्ट्रीय व स्थानीय बाजार के लिए प्रकाशित किया गया है। इसका मकसद मध्य प्रदेश के टूरिज्म ऑफर्स, उपलब्धि, और इवेंट्स की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। यह खासतौर पर हमारे पर्यटकों, चैनल पार्टनर्स और हितधारकों के लिए बनाया गया है।

**"ऑफबीट मध्यप्रदेश" में क्या है खास** - इस न्यूज लैटर में मध्य प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता, इतिहास और विरासत को बखूबी पेश किया गया है। इसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संस्कृति, पर्यटन मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के संदेश शामिल हैं, जो पर्यटन को बढ़ावा देने की उनकी सोच को दर्शाते हैं। इसके साथ ही, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. और टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी के साक्षात्कार भी हैं, जो पर्यटन के विकास की कहानी बयां करते हैं।

**मानसून में मध्य प्रदेश का जादू** - न्यूज लैटर में मानसून के दौरान मध्य प्रदेश की सैर को खास तवज्जो दी गई है। मांडू और इसके आसपास के इलाकों की खूबसूरती को दिखाया गया है, जहां पर्यटक झरनों, जंगलों, जहाज महल और नर्मदा नदी के किनारे की शांति का दार्शनिक लुत्फ उठा सकते हैं। यह हिस्सा पर्यटकों को बारिश के मौसम में मध्य प्रदेश आने के लिए लुभाता है।

**रानी अहिल्या बाई होलकर की प्रेरक कहानी** - इसमें मशहूर रानी अहिल्या बाई होलकर के जीवन को भी जगह दी गई है। उनके बचपन से लेकर शासनकाल तक की कहानी बताई गई है। उनके महेश्वर को सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र बनाने और कवियों, कलाकारों व हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करें, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एवं धार्मिक उत्थान के कार्यों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है।

**धरोहरों की कहानी, पत्थरों की जुबानी** - मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को भी खूबसूरती से पेश किया गया है। खजुराहो, सांची के स्तूप और भीमबेटका जैसी यूनेस्को धरोहरों के साथ-साथ इंदौर का लालबाग पैलेस, ओरछा, भेड़ाघाड़ प्रपात, पेंच-सतपुड़ा रेंज और पन्ना नेशनल पार्क की जानकारी दी गई है। यह हिस्सा पर्यटकों को मध्य प्रदेश की विविधता से रू-ब-रू कराता है। मध्य प्रदेश अपनी ऐतिहासिक धरोहरों के लिए भी मशहूर है। यूनेस्को ने भारत की कुल 64 धरोहरों में से 18 को मध्य प्रदेश में शामिल किया है, जो इस राज्य की सांस्कृतिक ताकत को दिखाता है।

**फिल्म टूरिज्म पॉलिसीः नया हब बनता मध्य प्रदेश** - मध्य प्रदेश अब फिल्म प्रोडक्शन का नया ठिकाना बन रहा है। न्यूज लैटर में फिल्म टूरिज्म पॉलिसी की जानकारी है, जिसमें सिंगल विंडो सिस्टम से पारदर्शी और तेज अनुमति प्रक्रिया का जिक्र है। साथ ही, सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं और सब्सिडी भी बताई गई हैं।

**टूरिज्म पॉलिसीः निवेशकों के लिए सुनहरा मौका** - निवेशकों और टूर ऑपरेटरों के लिए टूरिज्म पॉलिसी के अहम बिंदु शामिल किए गए हैं। सिंगल विंडो सिस्टम, इंवेस्टमेंट प्रमोशन सेल, 90 साल के लिए जमीन और सब्सिडी की जानकारी इसे खास बनाती है।

**पर्यटकों के अनुभव और मध्य प्रदेश का स्वाद** - न्यूज लैटर में पर्यटकों के अनुभव उनकी ही जुबानी शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश की सैर को यादगार बताते हैं। साथ ही, इंदौर की मशहूर शिकंजी बनाने की विधि भी सिखाई गई है।

## एलुमिनियम और स्टील वैश्विक व्यापार युद्ध के केंद्र में, भारत को बनाना है एलुमिनियम का वैश्विक केंद्र : अनिल अग्रवाल

संवाददाता ● मुंबई

वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने वैश्विक व्यापार में हो रहे बड़े बदलावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि स्टील और एलुमिनियम जैसे रणनीतिक धातु अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध के मुख्य बिंदु बन चुके हैं। अमेरिका ने इन धातुओं के आयात पर 25% टैरिफ लगाकर कनाडा और मैक्सिको जैसे अपने सहयोगी देशों को भी कोई रियायत नहीं दी है। उन्होंने बताया कि ये दोनों धातुएं हर आधुनिक ढांचे की नींव हैं - हवाई अड्डों से लेकर रेलवे, घर, वाहन और मोबाइल तक। लेकिन आने वाले वर्षों में एलुमिनियम अपनी हल्की और 100% पुनर्चक्रण योग्य प्रकृति के चलते स्टील से भी अधिक प्रासंगिक बन जाएगा।

सरकार द्वारा स्टील पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी लगाए जाने की सराहना करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी तरह का निर्णय एलुमिनियम के लिए भी लिया जाएगा, ताकि घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से सुरक्षा मिल सके। अनिल अग्रवाल ने कहा, "भारत के पास विशाल बॉक्साइट भंडार हैं। यदि हम सही नीतियों और निवेश के साथ आगे बढ़ें, तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि दुनिया का एलुमिनियम हब भी बन सकता है।" उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि व्यापार युद्ध से प्रभावित बड़े वैश्विक उत्पादक अब उभरते बाजारों में सस्ते दाम पर माल खपाने की कोशिश करेंगे, ऐसे में भारत को सतर्क और सजग रहकर अपने उद्योग हितों की रक्षा करनी होगी।

## उच्च शिक्षा मंत्री, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन, पीपुल्स यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

# डॉ. अरुण खोबरे श्रीरामचरित मानस के लिए हुए सम्मानित

संवाददाता ● भोपाल

कवि एवं प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार खोबरे ( अरुण अज्ञानी) को विश्व की सबसे बड़ी श्रीरामचरित मानस लिखने पर पीपुल्स यूनिवर्सिटी में सम्मानित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन डॉ. भरत शरण सिंह, पीपुल्स यूनिवर्सिटी की प्रो. चांसलर श्रीमती मेघा विजयवर्गीय ने उन्हें सम्मानित किया।

**आयोजन**

'समग्र शिक्षा भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता' पर पिछले दिनों आयोजित गरिमामयी आयोजन में पीपुल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. हरीश राय, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. खेमसिंह डहेरिया भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में शिक्षक के साथ जनसंपर्क अधिकारी, विशेष अधिकारी, संपादक, सांस्कृतिक समन्वयक आदि का दायित्व भी निभा संभाल रहे डॉ.अरुण खोबरे का नाम कुछ दिनों पूर्व



लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। इससे पहले उनका नाम विश्व की कई रिकॉर्ड बुक जिनमें ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड,भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड,ग्लोबल गोल्ड टैलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड,मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड, रॉयल सक्सेस इंटर नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड,वंडर बुक ऑफ रिकॉर्ड,गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड आदि में भी दर्ज हो चुका है। डॉ. खोबरे को इंडियन आइकॉन अवॉर्ड,एक्स्ट्रा आर्डिनरी पर्सनालिटी ऑफ इंडिया, संतश्री भूरा भगत रत्न राष्ट्रीय सम्मान,उत्कृष्ट मीडिया गुरु शिक्षक सम्मान 2022, कतिया विभूति सम्मान, इंडियाज बेस्ट मीडिया टीचर अवॉर्ड,उत्कृष्ट लोक कवि सम्मान, ग्लोबल एपेक्स अवॉर्ड, एक्स्ट्रा आर्डिनरी पर्सनालिटी ऑफ वर्ल्ड समेत और भी कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के बदनूर में जन्मे डॉ. खोबरे ने कहा कि भगवान श्रीराम और हनुमान जी की प्रेरणा और कृपा से ही वह यह कर पाए हैं, इसलिए इस सम्मान को वे रामजी और हनुमान जी को समर्पित करते हैं।

### राजवाड़ा में कैबिनेट बैठक के बाद 20 को मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन

# लालबाग को संवारने के साथ ढाई किमी की बाउंड्रीवॉल भी बनाएगी भोपाल की एजेंसी

**संवाददाता ● इंदौर**

**बैठक**

लंबे समय से अतिक्रमण के शिकार लालबाग की ढाई किलोमीटर की बाउंड्रीवॉल बनाने और धरोहर को सजाने-संवारने लिए एमपी टूरिज्म विभाग ने टेंडर जारी कर दिए हैं। भोपाल की एजेंसी न केवल लालबाग को सुरक्षित करेगी, बल्कि इसे सजाने-संवारने के साथ अधिक सुविधायुक्त बनाएगी। 37 करोड़ के टेंडर के माध्यम से पूरे परिसर को राजवंश की तर्ज पर ही तैयार किया जाएगा। 20 मई को होने वाली कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री भूमिपूजन कर विकास का श्रीगणेश करेंगे।

देश की ऐतिहासिक धरोहरों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विशेष प्रयासों के तहत लालबाग का संरक्षण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। एमपी टूरिज्म विभाग के माध्यम से लालबाग को प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है । आंतरिक जीर्णोद्धार और संरक्षण के बाद अब महल के बाहर की खूबसूरती और सुविधाओं को लेकर टेंडर जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग द्वारा सजाने-संवारने और अधिक सुविधायुक्त बनाने की तैयारी की गई है। विभाग ने हाल ही में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। भोपाल की एमके इंजीनियर्स को इसकी जिम्मेदारी मिली है। टूरिज्म विभाग के इंजीनियर धर्मेंद्र परिहार ने जानकारी देते हुए बताया 48 करोड़ की लागत से विकास कार्य होंगे। यहां ओपन एयर थिएटर, देवी अहिल्याबाई सेंटर फॉर सेल्फ डिफेंस, साइकिलिंग व वॉक के लिए ट्रैक भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा लाइट एंड साउंड शो भी होगा, जिसके लिए टिकट खिडक़ी बनाई जाएगी। सभी कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं। पूरे लालबाग परिसर को तीन जोन में बांटकर वहां अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों को जुटाया जाएगा।



#### इतिहास के आधार पर किए जाएंगे निर्माण कार्य

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुराने इतिहास के आधार पर राजवंश की परंपरा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य किए जाएंगे। पूरे गार्डन को उसी शैली और भव्यता के साथ तैयार किया जाएगा। इतिहासकारों के पास से जुटाए गई जानकारी के आधार पर फाउंटेन और गार्डन का विकास उसी तर्ज पर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि 1886 से 1921 तक होलकर राजवंश ने इसका निर्माण कराया था। इतालवी पुनर्जागरण पुनरुद्धार वास्तुकला शैली से इतालवी संगमरमर, भव्य झाडफ़ानूस, बेल्जियम के रंगीन कांच और ग्रीक पौराणिक कथाओं की मूर्तियों से लालबाग सुसज्जित है। इसके पहले लालबाग पैलेस के भीतर पांच करोड़ की लागत से विभिन्न कार्य किए गए थे। इसके तहत महल में मौजूद पुरातात्विक धरोहर, कलाकृतियों का संरक्षण किया गया है। मूल स्वरुप से छेड़छाड़ किए बगैर महल को और मजबूत बनाने के प्रयास किए गए थे।

#### देवी अहिल्याबाई आत्मरक्षा केंद्र

देवी अहिल्याबाई होलकर के शौर्य और राजवंश की मूल छवि को बरकरार रखने के साथ इंदौर की महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण यहां सिखाए जाएंगे। इसके लिए देवी अहिल्याबाई आत्मरक्षा केंद्र बनाया जाएगा। ऐतिहासिक महल, उद्यान को बेहतर किया जाएगा। लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से लालबाग के इतिहास को दिखाया जायगा। नाममात्र के शुल्क पर टूरिस्ट इंदौर के राजघराने के इतिहास को जान सकेंगे। प्रदर्शनी व बड़े कार्यक्रम आयोजित हो सकें इसके लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। महल के मूल स्वरुप को बनाए रखते हुए उसकी ऐतिहासिकता को और उभारने की कोशिश होगी। इस क्षेत्र में मंदिर, बावड़ी, कैफेटेरिया, फव्वारे, तालाब, , बच्चों के लिए स्पोट्र्स जोन और साइकिलिंग ट्रैक बनाया जाएगा। वॉकिंग और जॉगिंग ट्रैक, पिकनिक स्पॉट, हाट बाजार, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए थिएटर का निर्माण किया जाएगा। ओपन एयर थियेटर शहर के लिए नई सौगात होगी।

## 20 को होगी कैबिनेट बैठक तीन दिन बंद रहेगा राजवाड़ा

### लाइट एंड साउंड शो पर भी पड़ेगा असर



**संवाददाता ● इंदौर**

पहला मौका है जब इंदौर का दिल कहे जाने वाले राजवाड़ा पैलेस में 20 मई को प्रदेश सरकार बैठक करने जा रही है। अलग-अलग विभाग इसकी तैयारियों में जुट गए है। अब बैठक में तीन दिन शेष है। इस कारण राजवाड़ा पैलेस को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। अब राजवाड़ा पैलेस पर्यटकों के लिए 20 मई के बाद ही खुलेगा। यहां हर दिन शाम को लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाता है। वह भी फिलहाल बंद रहेगा।

इससे पहले इंदौर जिले के उज्जैनी में नर्मदा-शिप्रा संगम स्थल पर बैठक आयोजित की गई थी। देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती के मौके पर राजवाड़ा के पैलेस में बैठक करने का फैसला लिया गया है। शनिवार को कैबिनेट बैठक की तैयारियों के मद्देनजर अफसरों ने राजवाड़ा पैलेस और उद्यान का दौरा भी किया। संभावित बारिश के मद्देनजर भी व्यवस्थाएं जुटाने के लिए कहा गया है। राजवाड़ा के गणेश हॉल में बैठक होगी। वहां की रंगाई-पुताई,फर्श की सफाई की जा रही है। कैबिनेट बैठक के बाद पैलेस के खुले हिस्से में भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए डोम भी बनाया जाएगा। इंदौर में कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग एजेंडों पर चर्चा होगी और उन्हे मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव लालबाग पैलेस के गार्डन और राजवाड़ा पैलेस के कामों का भी भूमिपूजन करेंगे। बैठक से पहले राजवाड़ा चौक पर लगी देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने भी मुख्यमंत्री मोहन यादव जाएंगे। नगर निगम 20 लाख रुपये खर्च कर उद्यान को भी संवार रहा है। संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह तथा मनोज श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## शॉट न्यूज

### बाइक को डंपर ने मारी टक्कर, सास की मौत, दामाद घायल

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में दामाद के साथ बाइक पर जा रही महिला की एक्सीडेंट में मौत हो गई। घटना के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पुलिस उसका पीएम करा रही है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक मृतिका का नाम 80 वर्षीय मेराज पति याकूब निवासी शाजापुर बताया जा रहा है। वह अपनी बेटी-दामाद से मिलने के लिए इंदौर आई थी। उनका दामाद शाहरुख खान ग्रीन पार्क कॉलोनी में रहता है। शुक्रवार की रात को वह अपने दामाद के साथ खरीदारी कर लौट रही थी तभी डंपर चालक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका दामाद घायल हो गया।

### महिला डॉक्टर को हत्या की धमकी दी

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित मदरहुड हॉस्पिटल की डॉक्टर को कूरियर के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। डॉ. आशा बक्षी को यह धमकी भरा पत्र उनके कैबिन की टेबल पर मिला, जिसमें एक फटा हुआ 20 रुपए का नोट भी रखा था। इसमें 8 लाख 25 हजार रुपए के बिटकॉइन की मांग की गई है। पत्र में साफ तौर पर यह चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित राशि समय पर नहीं दी गई, तो डॉक्टर के परिवार को गंभीर नुकसान पहुंचाया जाएगा। डॉ. आशा बक्शी ने इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। विजय नगर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### काश! बेटी हमें कर्ज के बारे में बता देती तो आज जिंदा होती

**इंदौर।** कर्ज से परेशान होकर इंदौर में एक युवती ने जान दे दी। वह इंदौर में एक बैंक में सेल्स एक्जीक्यूटिव का काम करती थी। उसने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन उसके परिवार को उसने कर्ज के बारे में कभी नहीं बताया। पिता का कहना है कि यदि बेटी हमसे कर्ज के तनाव के बारे में बता देती तो हम मामला निपटा देते। शालू पिता परमानंद मूलतः भोपाल की रहने वाली थी। उसने कुछ बैंकों से कर्ज लिया था। वह इंदौर में सिलिकॉन सिटी में रहती थी। उस पर 6 लाख का कर्ज था। किस्त न भर पाने के कारण वसूली एजेंट युवती को बार-बार फोन करते थे और घर पर भी आ जाते थे। इससे युवती परेशान हो चुकी थी। उसने दो दिन पहले नुकिली वस्तु से अपने हाथ की नस काटने की कोशिश की थी।

## सुपर कॉरिडोर ओवरब्रिज पर गांजा पीते युवती का वीडियो वायरल

**पुलिस बोली- कार्रवाई करेंगे**



**संवाददाता ● इंदौर**

एक युवती का गांजा पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। यह वीडियो सुपर कॉरिडोर ओवरब्रिज का बताया जा रहा है। बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर ने बताया कि वीडियो देखा गया है। इसमें एक महिला ब्रिज पर स्मोक करती नजर आ रही है। यह ब्रिज सुपर कॉरिडोर का बताया जा रहा है। यह लवकुश और टीसीएस चौराहे के बीच में आता है। यहां आने-जाने वाले लोग सेल्फी लेते हैं, बर्थडे मनाते हैं। इस दौरान पुलिस वहां पर लगातार सक्रिय रहती है। बाणगंगा थाने की दो बीट वहां पर भ्रमण करती हैं और संदिग्धों को वहां से हटाने का काम भी करती है। यह वीडियो जो वायरल हुआ है, वह भी उसी ब्रिज का बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने संज्ञान लिया है और कार्रवाई करने की बात कही है।

### धूप हमें भी लगती है... बचाव के जतन...



भीषण गर्मी से बचाव के लिए वानर का पूरा परिवार एक बड़े पत्थर की ओट में छिपकर यही संदेश दे रहा है कि धूप हमें भी लगती है, जिससे बचाव जरुरी है...।

## सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में बेहिसाब विद्युत कटौती

**संवाददाता ● इंदौर**

प्रदेश के सबसे बड़े कहे जाने वाले सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में पिछले छह माह से बिजली की अघोषित कटौती और आंखमिचौनी का ऐसा खेल शुरू हो गया है, जिसके कारण इस औद्योगिक क्षेत्र के लगभग हर सेक्टर के सभी उद्योगों को भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या सेक्टर बी और ई के उद्योगों को हो रही हैं, जो बिजली कंपनी के सागर फीडर से जुड़े हुए हैं। क्षेत्र के उद्योगपतियों ने शनिवार को बैठक में निर्णय लिया है कि बिजली की इस मनमानी कटौती के खिलाफ वे एकजुट होकर सोमवार शाम 4 बजे पोलोग्राउंड स्थित बिजली कंपनी के सीएमडी अनूप कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपेंगे। उद्योगपतियों की इस बैठक में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज एमपी के सचिव तरुण व्यास, लघु उद्योग भारती के विनीत जैन, सांवेर रोड औद्योगिक संगठन के हरि अग्रवाल, ब्रजमोहन गुप्ता, कृष्णकांत खोरे, कमलेश त्रिवेदी, संजय कटारिया, नीरज जैन सहित बड़ी संख्या में सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति मौजूद थे।

### विवि कर्मचारी संघ के आंदोलन का 17वां दिन भी यूं ही बीता

# कर्मचारियों से चर्चा किए बिना चले गए कुलगुरु, ये निंदनीय

**संवाददाता ● इंदौर**





विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के आंदोलन का शनिवार को 17वा दिन था। वहां से निकल रहे कुलगुरु को विरोध का सामना करना पडा। कर्मचारियों से बगैर चर्चा किये चले गए। संघ बोला कुलगुरु के इस रवैया की घोर निंदा करते हैं तथा इसकी शिकायत कुलाधिपति को की जाएगी। धरना स्थल पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे पहुंचे। मांगों को समर्थन दिया। केंद्रीय मूल्यांकन के प्रभारी डॉ राजेंद्र सिंह भी मंच पर पहुंचे। संघ अध्यक्ष दीपक सोलंकी, महासचिव गजेंद्र परमार, उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सुरेंद्र मिश्रा और जितेन्द्र भाटिया, सचिव सोहेल परवेज, संतोष मौर्य तथा मनीष कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष विनय यादव एवं कार्यकारिणी सदस्यगण आंदोलन स्थल पर निरंतर आंदोलन को गति देते हुए संघ अध्यक्ष दीपक सोलंकी, महासचिव गजेंद्र परमार, उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सुरेंद्र मिश्रा और जितेन्द्र भाटिया, सचिव सोहेल परवेज, संतोष मौर्य तथा मनीष कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष विनय यादव एवं कार्यकारिणी सदस्यगण मुकेश यादव, अब्दुल रज्जाक खान, लोकेश बारूपाल, रामेंद्र सिंह पुंडीर, सनी देवड़ा, देवीप्रसाद यादव, अब्दुल वहाब खान, सचिन वर्मा, जितेंद्र पाठक द्वारा आंदोलन संचालित किया जा रहा है।

### मोबाइल में कई युवतियों की तस्वीरें और वीडियो भी मिले

# राहुल बनकर सोहेल ने की छेड़छाड़ हिंदू संगठन के कार्यकर्ता ने दबोचा

**संवाददाता ● इंदौर**

**लव जिहाद**

हीरानगर क्षेत्र में लव जिहाद का एक नया मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक ने अपना नाम छुपाकर एक हिंदू युवती से दोस्ती की और बाद में उस पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया। युवक का असली नाम सोहेल बताया गया है, लेकिन उसने युवती को अपना नाम राहुल शर्मा बताकर परिचय किया था। बताया जा रहा है कि दोनों की दोस्ती कुछ समय पहले हुई थी। जिसमें जब वह एक कैफे में युवती से मिलने आया, तब उसके साथ छेड़छाड़ की। इसमें हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। हीरा नगर थाना प्रभारी पप्पूलाल शर्मा के मुताबिक सोहेल का मोबाइल फोन जांचा तो उसमें अन्य लड़कियों के साथ की गई बातचीत, तस्वीरें और वीडियो भी मिले हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है कि यह एक सुनियोजित लव जिहाद का मामला हो सकता है। फिलहाल हीरानगर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।



#### कुछ कॉल सेंटर लव जिहाद के अड्डे

भोपाल और उज्जैन के बाद अब इंदौर में भी हिंदू युवतियों को लव जिहाद में सुनियोजित ढंग से फंसाकर उनसे दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के मामले सामने आए हैं। इससे साबित हो रहा है कि प्रदेश के कई शहरों में यह गिरोह काम कर रहे हैं। इंदौर पुलिस की जांच में सामने आया कि शहर के कुछ कॉल सेंटर को आरोपितों ने लव जिहाद की गतिविधियों का अड्डा बना रखा है। यहां मुस्लिम युवक हिंदू नाम से युवतियों से संपर्क करते हैं फिर उन्हें दुष्कर्म का शिकार बनाते हैं। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि इन मुस्लिम युवकों को इस काम में उनके परिवार की महिलाएं भी सहयोग करती हैं।

#### विजय नगर में हन्नेन टेलीपरफार्मेंस कंपनी

पुलिस के अनुसार, एक कॉल सेंटर में काम करने वाली पांच से ज्यादा युवतियों से शारीरिक शोषण की जानकारी अभी तक मिल चुकी है। फरहान और हन्नेन खान को पकड़ा तो उनसे कई चौंकाने वाले राजफाश हुए हैं। पुलिस इनकी जांच में जुटी है। एक आरोपित हन्नेन खान भोपाल का निवासी है। वह पिछले कुछ समय से इंदौर में रहकर यहां हन्नेन टेलीपरफार्मेंस कंपनी चला रहा था। उसने हिंदू युवती को अपना नाम आयुष पटेल बताकर झांसे में लिया। पुलिस ने हन्नेन के फोन की जांच की तो कई हिंदू युवतियों से चैटिंग मिली।

#### मां अफसाना भी कृत्य में शामिल थी

इसी तरह आरोपित फरहान ने हिंदू युवती को हिंदू नाम बताकर झांसे में लिया था। युवती को सच्चाई का पता चला तो विजय नगर थाने में उसके विरुद्ध मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (लव जिहाद) की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार, फरहान के कृत्य में उसकी मां अफसाना भी शामिल थी। पुलिस ने फरहान की मां अफसाना, पिता जब्बार, बहन एमन, सोफिया, बहनोई इमरान, छोटे भाई आवेश और उसके साथियों से पूछताछ की। वहीं, पुलिस आरोपित फरहान के संपर्क में रहने वाले हरेक व्यक्ति की काल डिटेल और बैंक ट्रांजेक्शन भी जांच रही है। थाना प्रभारी सीके पटेल के मुताबिक, आरोपित फरहान को कहीं से फंडिंग तो नहीं मिल रही।

## संपादकीय

# ताकतवर रणनीति

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार अपने दिए बयानों से या तो पलट रहे हैं या कुछ बदलावो के साथ अपनी बात कर रहे हैं। वे यह बात कहते रहे हैं कि सीज फायर इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका, भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ ही व्यापार करना चाहते हैं। उधर चीन अपनी रणनीति के तहत भारत के पड़ोसी देशों को इतना कर्ज दे रहा है और वे इसके बोझ तले दब रहे हैं। वह अधोसंरचनाओं में मदद करके भी भारत के लिए एक खतरा बन रहा है। कहने की ज़रूरत नहीं है कि चीन की ओर से भारत को यह आर्थिक खतरा है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के जरिये भारत के पड़ोसी देश जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और बांग्लादेश को भारी मदद कर रहा है। इधर पहलगाम में आतंकी हमले और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर भारत के लिए ज़रूरी था और इसी कारण दोनों देशों के बीच हर तरह के सहयोग और संवाद के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं। यही कारण है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में यह बात फिर दोहराई कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई सटीक थी। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे।ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में भाजपा की ओर से सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। लेकिन पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ एक बेहतर रणनीति के तहत सिंधु जल संधि को स्थगित करना है।

जाहिर है पाकिस्तान के साथ किसी भी स्तर पर संबंधों को जारी रखना भारत के लिए अब मुश्किल है और यह रणनीति निश्चित ही कारगर साबित होगी क्योंकि इसको जरिए भारत का कड़ा रुख पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगाने प्रभावी तरीका है। जाहिर है इससे पाकिस्तान के मुगालते दूर हो गए हैं कि आतंकवाद गतिविधियां जारी रखने के बावजूद उसे इस संधि के जरिए पानी मिलता रहेगा। सिंधु जल संधि पर भारत का सख्त रवैया पाकिस्तान के लिए साफ संदेश है कि अब सीमा पार आतंकवाद पर गोलमोल बातें नहीं चलेंगी। इस्लामाबाद को अगर पानी चाहिए तो उसे आतंकियों को समर्थन देने की अपनी नीति छोड़नी होगी। पानी और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते।1960 से लेकर अब तक हालात काफी बदल चुके हैं। जब समझौता हुआ, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि नई सदी में दुनिया के सामने क्लाइमेट चेंज की चुनौती होगी। इसके अलावा, भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। उसकी पानी और एनर्जी की अपनी जरूरतें हैं। पुराने समझौतों के आधार पर सिंधु जल संधि जारी रखना न तो संभव होगा और न सही। भारत ने पहले भी प्रस्ताव रखा था कि संधि पर नए सिरे से बात की जाए, पर पाकिस्तान इसे स्वीकार नहीं किया। उल्टे वह जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा और रतले जल विद्युत परियोजनाओं पर एतराज करता आया है। यह बात बार बार दोहराई जाती रही है कि पाकिस्तान की मांग अनुचित कि उसे इस संधि से भी मिलता रहे और वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां भी जारी रखे। वह यह भी चाहता है कि न तो जल के उचित बंटवारे पर बात हो और न आतंकवाद पर उसे कोई एक्शन लेना पड़े। उसने शिमला समझौते और दूसरे द्विपक्षीय समझौतों को न मानने की भी धमकी भी दी थी। उसके इसी अनुचित व्यवहार से तनाव बढ़ेगा ही और नुकसान भी उसे ही ज्यादा होगा। यह बात इस संधि के स्थगन और ऑपरेशन सिंदूर से उसके भारी नुकसान हुआ है। चूंकि पाकिस्तान के साथ लगातार बातचीत के बाद भी उसकी आतंकवादी गतिविधियां बंद नहीं हुई है और उसने सीजफायर का भी उल्लंघन किया है और वह अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अलग थलग पड गया है। भारत की उसके ताकतवर रणनीति से ही उसे जबाद दिया जा सकता है और भारत यही कर रहा है।

## कही-सुनी

• शब्दार्थ | **सुधाधर : चंद्रमा**

चंद्र, चांद, सारंग, मृगांक, कलानिधि।

• कहन | **होंठ चबाना : क्रोध करना**

खिलाड़ी के सेंचुरी मारते ही विरोधी टीम अपने होंठ चबाने लगी।

## कविता



**पल्लवी विनोद**

हुगली (पश्चिम बंगाल) में जन्मी कवयित्री-कहानीकार पल्लवी विनोद का कविता संग्रह परिधि से बाहर प्रकाशित है। यह दीपक अरोड़ा स्मृति पुरस्कार योजना" के तहत प्रकाशित है।तमाम पत्र-पत्रिकाओं में कविता और कहानी प्रकाशित हैं।

### विस्थापन

जाने उमर के किस पड़ाव पर ये ख़्याल आया कि
मेरे पाँव के नीचे लाशें दबी हैं
असंख्य जीवों की
मसलन चींटी, चींटे, कीड़े, तिलचट्टे
उसी पड़ाव पर ये भी ख़्याल आया
कि हम सब ख़ुद ही कीड़े हैं
किसी के पैरों के नीचे
अगर पाँव किसी और का और सिर अपना हो
तो कुचल दिए जाने से डर लगता है
हम हर विभीषिका से सहम जाते हैं
यही समझने के बाद डरने लगी
पाँव ज़मीन पर रखने से
सोचती हूँ कि मेरे पैर के नीचे जीवन हैं
एक दूसरे को पुकारते, एक दूसरे को बचाते
काल के घात से डरे, अपनी संतति की रक्षा करते
आपदाओं के लिए ख़ुद को तैयार करते

हवा पानी भोजन की तलाश में भटकते हम भूल गए
कि चलने का एक मात्र अर्थ विस्थापन नहीं होता है

## # ट्रेंडिंग ऑन टॉप

### #silance

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से एक ओर देश के हर नागरिक को गर्व है। दूसरी ओर राजनीतिक दलों के नेताओं के कुछ बयानों पर हंगामा भी हो रहा है। इनमें से कुछ बयान तो बेहद आपत्तिजनक हैं। बड़बोले नेताओं की इसी बयानबाजी पर इस हफ्ते 'खबरों के खिलाड़ी' में चर्चा हुई। चर्चा के लिए वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्निहोत्री, समीर चौगांवकर, पूर्णिमा त्रिपाठी, राकेश शुक्ल और अवधेश कुमार मौजूद रहे।: विजय शाह के बयान को किसी भी तरीके से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। भाजपा को तत्काल प्रभाव से उनका इस्तीफा लेना चाहिए था। विजय शाह पर कार्रवाई नहीं होना यह बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए राजनीति सर्वप्रथम है। भले मामला सेना जुड़ा ही क्यों ना हो। सत्ता में बने रहना और सत्ता के लिए जो जरूरी वोट बैंक है चाहे वो आदिवासी वोट बैंक हो चाहे दलित वोट बैंक हो, चाहे ओबीसी वोट बैंक हो, अपने राजनीतिक समीकरण में जो फिट बैठता है तो वो सर्वोपरी है। विजय शाह का बयान सोचा समझा बयान था। पूरी भाजपा ने इस पर मौन साध लिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को शर्म आनी चाहिए। जो पार्टी संघ के संस्कारों से निकली है, उसे विजय शाह का इस्तीफा तुरंत ले लेना चाहिए था कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कंमाडर व्योमिका सिंह की एक ही पहचान है। वो ये कि वो भारतीय सेना की अधिकारी हैं और भारतीय हैं। इससे इतर उनकी कोई पहचान कोई भी निकालता है, चाहे वो विजय शाह हों या रामगोपाल यादव हों, तो वो गलत है। रामगोपाल यादव के बयान से भाजपा को कवर फायर जरूर मिल गया है। मुझे आश्चर्य है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस पर क्यों खामोशी साधे हुए है। वहीं, रामगोपाल यादव के बयान पर योगी आदित्यनाथ, बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने कठोर टिप्पणी की, लेकिन इन नेताओं ने विजय शाह के बयान पर कुछ नहीं कहा। जगदीश देवड़ा के बयान की बात करें उन्हें संदेह का लाभ दिया जा सकता है, कि उनकी जबान लड़खड़ा गई हो, लेकिन विजय शाह को संदेश का लाभ भी नहीं दिया जा सकता है।

## मुद्दा

**प्रधानमंत्री के वक्तव्य से साफ है कि आतंकवाद और सैन्य दुस्साहस रोकने की पाकिस्तान द्वारा दी गई गारंटी के आधार पर ही ऑपरेशन सिंदूर और सेना का प्रतिप्रहार रुका, इस कसौटी पर उसके आचरण को देखकर ही भविष्य तय होगा। यह पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई का एक प्रतिमान है।**

# आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई का प्रतिमान





**अवधेश कुमार**
स्वतंत्र लेखक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक , प्रखर और समयानुकूल स्वाभाविक प्रखर आक्रामक तेवर और घोषणाओं के साथ भाव भंगिमाओं को देखने के बाद भारत के अंदर और पूरे विश्व में जिन्हें भी सीमा पार आतंकवाद, जम्मू कश्मीर और भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर कोई भ्रम रहा होगा वह दूर हो जाना चाहिए। अगर दूर नहीं होता है तो देशों की अपनी कुटिल नीति हो सकती है और भारत के अंदर मानसिक ग्रंथि। वास्तव में 10 मई को टकराव रुकने की सेना की दोनों महिला अधिकारियों तथा विदेश सचिव के वक्तव्य के बाद कम से कम भारत के अंदर आश्वस्ति होनी चाहिए थी। उसके बाद लगातार दो दिनों तक सेना के तीनों अंगों के तीन शीर्ष अधिकारियों ने जिस तरह बिंदुवार सुस्पष्ट और मुखर भाषा में सैन्य रणनीति और स्टैंड को सामने रखा उनसे साफ हो गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के तात्कालिक लक्ष्य और उद्देश्य पूरे हो गए हैं किंतु पाकिस्तान के विरुद्ध केवल सैन्य कार्रवाई छोड़कर संपूर्ण रणनीति जारी है। प्रधानमंत्री अगर घोषणा कर रहे हैं कि टेरर के साथ टॉक, ट्रेड यानी आतंकवाद के साथ बातचीत और व्यापार नहीं चल सकता है, पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता है और उसके बाद अगर देश के अंदर कोई सोचता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप या वहां के विदेश मंत्री के पोस्ट के आधार पर भारत की नीति चल रही है तो वैसे लोगों के लिए क्या शब्द प्रयोग किया जाए यह पाठक तय कर लें।

प्रधानमंत्री ने कहीं भी अपने संबोधन में सीजफायर यानी युद्धविराम शब्द का प्रयोग नहीं किया और इसके पूर्व सेना के प्रवक्ताओं ने भी नहीं किया। विदेश सचिव के वक्तव्य तब में भी यह शब्द नहीं था। प्रधानमंत्री के वक्तव्य से साफ है कि आतंकवाद और सैन्य दुस्साहस रोकने की पाकिस्तान द्वारा दी गई गारंटी के आधार पर ही ऑपरेशन सिंदूर और सेना का प्रतिप्रहार रुका तथा इस कसौटी पर उसके आचरण को देखकर ही भविष्य तय होगा। वास्तव में प्रधानमंत्री के वक्तव्य में मूल पांच बातें स्पष्ट थी। पहला, पहलगाम हमले के बाद सीमा पार आतंकवाद और पाकिस्तान के संदर्भ में हमारा स्टैंड और पूरी सैन्य रणनीति कायम है। दूसरा, पाकिस्तान के हमले के लगातार विफल होने और उनके सैन्य अड्डों के तवाह होने के बाद शांति की पहल उन्होंने की और भारत अपनी शर्तों पर इसे स्वीकार किया । यह देश के अंदर बनाए गए झूठे नैरेटिव का उत्तर था जो सेना के प्रवक्ताओं द्वारा पत्रकार वार्ताओं में पहले भी दिया जा चुका था। आत्महीनता की मानस वाले समूह इसे स्वीकारने की जगह अपनी ही नीति को कटघरे में खड़ा करने लगे ।अगर आतंकवाद हुआ तो कार्रवाई केवल आतंकवादियों और उनके अड्डों के विरुद्ध ही नहीं होगी इसे पाकिस्तानी सत्ता की भूमिका मानकर होगी। कोई भी समझ सकता है कि यह सीधी सीधी चेतावनी है । तीसरा, अमेरिका सहित दूसरे देशों के लिए संदेश था कि यह संभव नहीं की आतंकवादी देश न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आधार पर शांति की बात करें और हम स्वीकार कर लें। यानी मार पड़ने से डरा पाकिस्तान किसी देश के पास यह कहते हुए जाता है कि हम न्यूक्लियर अस्त्र का प्रयोग करेंगे और उसके आधार पर कार्रवाई रोकने या समझौता करने को कहा जाएगा तो स्वीकार नहीं होगा। ध्यान रखिए, भारत ने जिन वायु सेना अड्डों पर पाकिस्तान में कार्रवाई की उनमें माना जाता है कि उसके तीन न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन के पास थे और वह घबरा गया कि अगर भारत यहां पहुंच सकता है तो आगे हमारे लिए इसका भी उपयोग करना संभव नहीं होगा। चौथा, अगर पाकिस्तान से कोई बातचीत होगी तो केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर और आतंकवाद पर। यह भारत के अंदर विरोधियों और विशेषकर ट्रंप प्रशासन को उत्तर था जो जम्मू कश्मीर समस्या को सुलझाने और तटस्थ स्थान पर बातचीत करने का दंभ भर रहे थे। मोदी सरकार का यह स्टैंड पहले से क्लियर था। और पांचवां, हमारे स्वदेशी निर्मित विषयों और सैनिक उपकरणों ने जैसी सफलता प्राप्त की है उसके बाद कोई देश यह न सोचे कि युद्ध के दौरान हमको उनकी अपरिहार्यता रहेगी।

गहराई से देखें अमेरिका सहित पश्चिमी देशों को संदेश के साथ ही यह भारत की रक्षा सामग्रियों के अंतरराष्ट्रीय बाजार की एक बड़ी ब्रांडिंग थी। यानी हम भी प्रतिस्पर्धा में उतर गये हैं। आप भले किन्ही कारण से प्रधानमंत्री मोदी का सार्वजनिक विरोध करिए लेकिन किसी घटना को वे केवल तत्कालिकता में न देखकर उसके साथ दूरगामी और भविष्य के भारत के वैश्विक उद्देश्यों के आधार पर समग्र विचार कर सामने रखते हैं। देखा जाए तो भारत ने स्वयं को ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद प्रधानमंत्री के वक्तव्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नेतृत्वकारी भूमिका वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया है। अमेरिका की परेशानी यह भी हो गई कि अगर भारत इस तरह साहसिक सैन्य कार्रवाई करता रहा तो दुनिया के नेता का उसका स्थान खतरे में होगा और बड़ी संख्या में देश उसके साथ खड़े हो जाएंगे। तभी डोनाल्ड ट्रंप की भाषा भारत और पाकिस्तान दोनों के लिए समान थी। उन्होंने दोनों को महान देश बताया तथा दोनों के साथ सतत् व्यापार करने की भावना व्यक्त की। अचानक चीन के साथ व्यापार टकराव दूर करने के पीछे भी यही रणनीति हो सकती है।

> सेना के तीन शीर्ष अधिकारियों ने जिस तरह बिंदुवार मुखर भाषा में सैन्य रणनीति और स्टैंड को सामने रखा. उससे है कि ऑपरेशन सिंदूर के तात्कालिक लक्ष्य और उद्देश्य पूरे हो गए हैं।

प्रधानमंत्री को सारी बातें ध्यान में रही होगी और उसी अनुसार 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद पूरी तात्कालिक और दूरगामी सैन्य रणनीति , कूटनीति , अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति और राजनीति निश्चित हुई है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका और यूरोप को भी यह कहते हुए आईना दिखा दिया कि आपके यहां भी 11 सितंबर, 2001 के और ब्रिटेन में ट्यूब के हमले के पीछे भी यही बहावलपुर के जैश ए मोहम्मद और मुरीदके के लश्कर ए तैयबा केंद्र की भूमिका थी। यह सच है कि तब वैश्विक आतंकवाद के केंद्र में ये स्थल थे। ओसामा बिन लादेन खुऋएआम इन स्थानों में तकरीरें - बैठकें करता था, इनसे सीधे रिश्ते थे और अलकायदा एवं उसके द्वारा स्थापित इंटरनेशनल इस्लामिक फ्रंट के साथ सारे संगठन संबंद्ध हो गए थे। अगर प्रधानमंत्री कहते हैं कि उन्होंने हमारी माताओं - बहनों की मांगों के सिंदूर उजड़े तो हमने उनके अड्डों को ही उजाड़ दिया। साथ यह भी कि ऑपरेशन सिंदूर एक अखंड प्रतिज्ञा है। नहीं लगता कि इस समय विश्व का कोई भी नेता इतने खतरनाक पड़ोसी , जिसके पास न्यूक्लियर अस्त्रागार हो और मजहबी उन्माद के आधार पर देश के बड़े वर्ग को मरने- मारने पर उतारू करने की विचारधारा, इस प्रकार के विचार और तेवर सामने रख सकता है । अब न केवल आतंकवादियों बल्कि उनको प्रायोजित करने वाले पाकिस्तान की सेना और संपूर्ण सत्ता को इस चेतावनी को गंभीरता से लेना होगा कि उन्हें आतंकवाद का इंफ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त करना ही होगा। नहीं करेंगे तो फिर ऑपरेशन सिंदूर की विस्तारित प्रचंड हमले के लिए तैयार रहें और वह निर्णायक होगा।

वास्तव में ऑपरेशन सिंदूर सीमा पार ही नहीं वैश्विक आतंकवाद से संघर्ष के लिए भी विचारधारा और रणनीति दोनों स्तरों पर एक विशिष्ट मानक बना है। यह बताता है कि नेतृत्व के पास इसके पीछे की संपूर्ण सोच और योजनाओं की पूरी समझ हो, प्रतिकार के लिए दीर्घकालिक सोच और रणनीति तथा उसे क्रियान्वित करने की संकल्पबद्धता और दृढ़ता हो तो पाकिस्तान जैसे दुष्ट देश को भी सबक सिखाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि आतंकवाद से पीड़ित विश्व शांति की बजाय इस रणनीति को अपनायें तथा भयभीत छोटे देश भारत के साथ आएं। कुल मिलाकर यहां से भारत की दक्षिण एशिया सहित संपूर्ण विश्व के आतंकवाद तथा कश्मीर जैसे मुद्दों के संदर्भ में विजय और समाधान के आत्मविश्वास से भरी निर्भीक, दूरगामी और तथा कमजोर देशों के लिए नेतृत्वकारी भूमिका सामने आई है। इस तरह ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारत एक ऐसे नए दौर में प्रवेश का संदेश दे चुका है जहां उसकी स्वयं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक शांति की उसकी अपनी दृष्टि सर्वोपरि है और किसी देश का इसके परे सुझाव या साथ उसे स्वीकार नहीं। क्या देश में विरोधी भी इस युगांतरकारी सच को स्वीकार करेंगे?

## इति-खास | 20 मई 1703 : कोलोन पर किया गया कब्जा



इसी दिन 1703 में डच और अंग्रेज सेना ने कोलोन पर कब्जा कर लिया था।

## वर्तमान समय में जल को संरक्षित करना मानव जीवन के लिए महती आवश्यकता बन गया है

# मानव-जीवों के अस्तित्व के लिये सबसे महत्वपूर्ण तत्व है जल : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मानव और जीवों के अस्तित्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व जल है। जल नहीं होगा तो जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा। प्रकृति हमें वर्षा के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है। वर्तमान समय में जल को संरक्षित करना मानव जीवन के लिए महती आवश्यकता बन गया है। हम सब को वर्षा के जल को संग्रहित कर न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित करना होगा। इसके लिए पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नई जल संरचनाओं के निर्माण को प्राथमिकता देना होगी, जिससे जल की एक-एक बूंद को संरक्षित किया जा सके। प्रदेश में इसी उद्देश्य से 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया है, जो आगामी 30 जून तक जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान अंतर्गत जहां एक ओर पुरानी बावडियों और तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, वहीं बड़े पैमाने पर किसानों के खेतों में 'खेत तालाब' भी बनाए जा रहे हैं। वर्षा के जल को संग्रहित करने स्टॉपडेम सहित अन्य जल संरचनाओं का निर्माण भी हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान की विशेषता यह है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन-भागीदारी भी व्यापक रूप ले चुकी है।

**अभियान**

**श्रमदान कर जन-भागीदारी को कर रहे हैं प्रोत्साहित** – मुख्यमंत्री डॉ. यादव अभियान में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने विभिन्न जिलों में जाकर स्वयं भी श्रमदान कर रहे हैं। मंत्रि-परिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, नगरीय एवं पंचायत प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद सहित अनेक स्वयं सेवी संस्थाएं भी अभियान का अभिन्न हिस्सा बन कर इसे जन आंदोलन बना रही हैं।



### जल गंगा संवर्धन अभियान की विशेषता

- 30 मार्च से क्षिप्रा के घाट से प्रारंभ हुआ अभियान 30 जून 2025 तक चलेगा।
- प्रत्येक गाँव में तैयार किये गये जल दूत।
- पुरानी बावडियों एवं जल संरचनाओं का किया जा रहा है जीर्णोद्धार।
- किसानों के लिए बनाये जा रहे है "खेत तालाब"।
- जल बांध, नहरों एवं जल संरचनाओं का सफाई और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।
- जन-भागीदारी को बढ़ाने के लिए जल-पंचायतों का आयोजन।
- दीवार-लेखन सहित प्रचार की विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को जल संवर्धन के प्रति जागरुक किया जा रहा है।
- स्कूलों और कॉलेजों में भी जन-जागरुकता की गतिविधिया संचालित हो रही हैं।
- जल संरक्षण के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक श्रमदान भी कर रहे हैं।
- अभियान अंतर्गत बड़े पैमाने पर पौध-रोपण भी किया जाएगा।

### जल संरचनाओं की सफाई, निर्माण और जीर्णोद्धार का अभियान जारी

देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" जन भागीदारी से अपने चरम पर है। जन-जीवन से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल-संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। जन-प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय की भागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से अभियान में मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बागली विकासखंड की ग्राम पंचायत बरझाई में जन सहयोग से बावड़ी एवं घाट का जीर्णोद्धार कर उनकी साफ-सफाई की गई। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण से इनकी जल संग्रहण की क्षमता बढ़ेगी, साथ ही आस पास की छोटी जल संरचनाओं में भी भू-जल पर्याप्त मात्रा में बना रहेगा।

### अब नहीं सूखेगी भितरवार की बर्षाती नदी



ग्वालियर जिले के विकास खंड भितरवार में जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय वर्षाती नदी के संरक्षण के लिए श्रमदान किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत कैथी और भेंगना के बीच बर्षाती नदी पर युवाओं ने श्रमदान किया। संचार युवा मंडल के पदाधिकारियों ने भी श्रमदान में सहभागिता की। इससे नदियों के संरक्षण के साथ जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक किया गया।

**पांढुर्ना की जाम नदी के तट पर सफाई अभियान -** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के नेतृत्व में पांढुर्ना जिले के जनप्रतिधियों ने स्थानीय समुदाय के साथ मिल कर मां जाम नदी के तट पर साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। मां जाम नदी के घाट परिसर की स्वच्छता के अभियान में जन अभियान परिषद और ग्रामीण आदिवासी समाज कल्याण विकास संस्थान की टीम का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

## शॉर्ट न्यूज

### पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, 246 बदमाश पकड़े

**ग्वालियर।** ग्वालियर में तनाव और लगातार बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक बार फिर पुलिस एक्शन मोड़ में आ गई है। शनिवार-रविवार दरमियानी रात पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की है। पूरे जिले में एक साथ निकले पुलिस अफसरों व जवानों ने 246 बदमाशों (स्थायी व गिरफ्तारी वारंटी) पकड़े हैं। यह कई दिनों से पुलिस को चकमा दे रहे थे। इसके साथ ही 346 निगरानी बदमाश (काफी समय से अपराध की दुनिया से दूर हैं पर पुलिस की निगरानी में हैं) के घर पहुंचकर पूछताछ की है। पुलिस अफसरों ने पूछा है कि किसी अपराध में शामिल तो नहीं हो। यदि नहीं हो तो अब क्या कर रहे हो और घर का खर्च कैसे चल रहा है। रात में पुलिस ने गश्त के साथ सरप्राइज चेकिंग पॉइंट भी लगाए। मतलब ऐसी जगह पुलिस दिखाई दी जहां आमतौर पर चेकिंग नहीं होती है।

### जबलपुर में होमगार्ड ने पड़ोसी को मार डाला

**जबलपुर।** जबलपुर में 6 टुकड़ों में मिली युवक की लाश को लेकर नया खुलासा हुआ है। वारदात को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड सहित तीनों आरोपियों ने पूछताछ में हत्या करने की बात कबूली है। मास्टरमाइंड होमगार्ड जवान है। उसने अपनी पत्नी की मौत का बदला लेने के लिए बेटे और दामाद के साथ मिलकर पड़ोसी की हत्या की। इसकी प्लानिंग वो पिछले एक महीने से कर रहा था। बता दें शहर के त्रिमूर्ति नगर में 13 मई को कीचड़ से भरे गड्ढे में बदबू आने पर स्थानीय लोगों ने गोहलपुर थाना पुलिस को सूचना दी थी। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस ने जब सर्चिंग की तो पता चला कि एक हत्या करने के बाद शव के टुकड़े किए गए और फिर एक बैग में भरकर कीचड़ में फेंक दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मृतक के हाथ पर टैटू मिला, जिसमें अंग्रेजी में मंजू परम और रिस्ट बैंड पर महाकाल लिखा हुआ था।

### डॉक्टर और एएसआई में सड़क पर मारपीट

**शहडोल।** शहडोल में डॉक्टर और एएसआई के बीच सड़क पर मारपीट हो गई। डॉक्टर ने पत्नी के सामने पीटने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस ने एएसआई की वर्दी फाड़ने की बात कही है। शुक्रवार रात की इस घटना का वीडियो शनिवार को सामने आया। वीडियो में डॉक्टर और पुलिसकर्मी के बीच झड़प का दृश्य साफ दिख रहा है। मामला एसपी रामजी श्रीवास्तव तक पहुंच गया है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी शुक्रवार-शनिवार रात ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे। आईटीआई के पास सोहागपुर पुलिस गश्त कर रही थी। पुलिस ने डॉक्टर की कार रोकी और देर रात सड़क पर होने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर दोनों में बहस शुरू हो गई। बहस इतनी बढ़ी की डॉक्टर और एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी के बीच मारपीट हो गई।

# पेड़ों को बचाने रक्षासूत्र बांधेंगे

## अयोध्या बायपास को चौड़ा करने कटेंगे 8 हजार पेड़; इन्हें बचाने आज आगे आएंगे लोग

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल के आसाराम तिराहे से रत्नागिरी तिराहे तक अयोध्या बायपास के रोड चौड़ीकरण में 8000 पेड़ों को काटा जाएगा। इस प्रोजेक्ट को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) कर रही है। इन्हीं पेड़ों को बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। रविवार की शाम को बड़ी संख्या में लोग यहां जुटेंगे और पेड़ों से चिपक कर प्रदर्शन करेंगे। साथ ही उन्हें रक्षासूत्र भी बांधेंगे। प्रदर्शन में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल होंगे। पर्यावरणविद् उमाशंकर तिवारी ने बताया, विकास जरूरी है, पर हरियाली के साथ ऐसा नहीं होने देंगे। एनएचएआई को प्रोजेक्ट में बदलाव करना चाहिए। ताकि, प्रोजेक्ट भी पूरा हो और पेड़ भी न काटे जा सकें। इसे लेकर बैठक भी कर चुके हैं। जिसमें पर्यावरणप्रेमी पूर्व मंत्री दीपक जोशी, नितिन सक्सेना, कमल राठी, डॉ. राजीव जैन, सुयश कुलश्रेष्ठ, सुनील अवसरकर, उमाशंकर तिवारी, अंशु गुप्ता, समता अग्रवाल, अरुणा शर्मा, दीपक गुप्ता, अल्पना झा, डॉ. रचना डेविड, केडी मिश्रा, अखलाक अहमद, रुचिका सचदेवा, सैफुद्दीन, श्याम सुंदर शर्मा, दीपक उपाध्याय, आरडी दिलारे आदि मौजूद थे। तिवारी ने कहा कि शीघ्र उचित कार्रवाई न होने पर आने वाले समय में भूख हड़ताल, धरना प्रारंभ किया जाएगा।



### 10 लेन बनाया जा रहा अयोध्या बायपास

बता दें कि इस रोड पर 3 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां साल भर में 30-35 लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए सड़क को सर्विस लेन मिलाकर 10 लेन किया जा रहा है। विरोध की आशंका को देखते हुए एनएचएआई ने हाईकोर्ट और एनजीटी में कैविएट दायर की है। ताकि न्यायालय कोई भी स्टे देने से पहले एनएचएआई का पक्ष सुने। इससे पहले भी लोग प्रदर्शन कर चुके हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने रत्नागिरी तिराहे पर पहुंचकर पेड़ों को रक्षासूत्र बांधे थे। साथ ही उन्हें बचाने का संकल्प लिया था। आयोजन की अगुआई श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने की थी। उन्होंने कहा- यह सिर्फ पेड़ों की लड़ाई नहीं है, बल्कि हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। हम इन पेड़ों को कटने नहीं देंगे। गुप्ता ने खुद पेड़ों को रक्षासूत्र बांधते हुए आंदोलन की शुरुआत की थी।

# एमपी में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम

**संवाददाता ● भोपाल**

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर रविवार को भोपाल के स्टेट म्यूजियम में 'संग्रहालय मेला' आयोजित किया जा रहा है। मेले का औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया। उन्होंने मेले का भ्रमण किया और विभिन्न वस्तुओं को देखा। मप्र में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम का अनुभव मिलेगा। यह डिजिटल केंद्र संग्रहालय की ऐसी सैर कराएगा, जैसी आपने पहले कभी नहीं की होगी। बिना किसी गाइड या फिजिकल मूवमेंट के आप एक इंटरेक्टिव और इमर्सिव तकनीक के जरिए संग्रहालय की गहराई में उतर सकेंगे। संग्रहालय दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहे है। इतिहास और आर्ट लवर्स के लिए एक और खास आकर्षण है 'भारत की सौर परंपरा' पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी। यहां आपको देश के प्रमुख सूर्य मंदिरों और उनसे जुड़ी कलात्मक मूर्तियों की झलक देखने को मिलेगी। यह प्रदर्शनी हर दिन सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। इस मेले में खासतौर पर बच्चों के लिए रचनात्मक कार्यशालाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शैक्षणिक गतिविधियां और विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी, जो न केवल मनोरंजन करेंगी बल्कि जानकारी भी बढ़ाएंगी। पहली बार वर्चुअल म्यूजियम एक्सपीरियंस–तकनीक और इतिहास का संगम दुर्लभ फोटोग्राफ्स और मंदिरों की कहानियां बच्चों के लिए फन+लर्न एक्टिविटीज फैमिली आउटिंग के लिए परफेक्ट और जानकारी से भरपूर माहौल होगा।

**फिजिकल मूवमेंट के बगैर देख सकेंगे संग्रहालय**

### ट्रैफिक पुलिस ने बनाया प्लान, 11 हजार ई-रिक्शा को मुख्य सड़कों से हटाने की तैयारी

# भोपाल के 4 रूट्स पर दौड़ रहे ई-रिक्शा होंगे बैन



**संवाददाता ● भोपाल**

ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रशासन अब ई-रिक्शा पर सख्ती के मूड में है। बिना परमिट और बेतरतीब तरीके से चल रहे करीब 11 हजार ई-रिक्शा को अब शहर की प्रमुख सड़कों से हटाने की तैयारी की जा रही है। सड़क सुरक्षा समिति ने पहले चरण में वीआईपी रोड, लिंक रोड नंबर 1 और 2 और होशंगाबाद रोड से ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया है। बता दें कि इन दिनों भोपाल की सड़कों पर करीब 11 हजार ई रिक्शा बिना परमिट दौड़ रहे हैं, वहीं पिछले तीन सालों में 8700 से ज्यादा ई-रिक्शा खरीदे गए हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, ई-रिक्शा के संचालन को लेकर न तो कोई स्पष्ट गाइडलाइन है और न ही परिवहन विभाग से इन्हें परमिट लेना अनिवार्य है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) संजय कुमार सिंह ने बताया कि 'ई-रिक्शा को शासन की ओर से परमिट की छूट मिली हुई है। इनके ऊपर सामान्य परमिट नियम लागू नहीं होते। यही वजह है कि ये वाहन मनमाने तरीके से किसी भी मार्ग पर चलते हैं और कहीं भी खड़े हो जाते हैं, जिससे ट्रैफिक बाधित होता है।

### सिटी बस से कॉलोनी तक कनेक्टिविटी देना था

संजय कुमार सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा शुरू करने का उद्देश्य था कि ये कॉलोनियों से सिटी बस स्टॉप तक कनेक्टिविटी दें, लेकिन वर्तमान में ये मुख्य मार्गों पर ही अधिकतर देखे जा रहे हैं। हमने प्रस्ताव दिया है कि ई-रिक्शा को प्रमुख मार्गों से हटाकर उन्हें उनके मूल उद्देश्य के अनुरूप सीमित क्षेत्रों में संचालित किया जाए। पुलिस उपायुक्त (यातायात) संजय कुमार सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक में इस पर चर्चा हो चुकी है। अगली बैठक में प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। यदि प्रतिबंध लागू होता है, तो वीआईपी रोड, लिंक रोड नंबर 1 और 2, होशंगाबाद रोड जैसे प्रमुख मार्गों से ई-रिक्शा हटाए जाएंगे और यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार संभव होगा।

# एमपी में दिन में लू चलेगी, रातें गर्म रहेंगी

**4 दिन तक आंधी-बारिश का भी अलर्ट**

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 21 मई तक दिन में लू चलेगी, जबकि रातें भी गर्म रहेंगी। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी और बारिश का दौर भी रह सकता है। रविवार को भी 26 जिलों में मौसम के दो रंग देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, गुना, अशोकनगर में हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चल सकती है। वहीं, सीधी और उमरिया में रातें गर्म रहेंगी। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक रह सकता है। दूसरी ओर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश, तेज आंधी चल सकती है।

**अलर्ट**



**ग्वालियर, खजुराहो-नौगांव में 44 डिग्री के पार तापमान-** प्रदेश में शनिवार को मौसम के दो रंग देखने को मिले। कहीं बारिश और तेज आंधी वाला मौसम रहा तो कहीं तेज गर्मी का असर देखने को मिला। बैतूल में 17 मिमी यानी, आधा इंच से ज्यादा पानी बरस गया। वहीं, नौगांव, सीधी, विदिशा, सिंगरौली, गुना में भी बारिश हुई। दूसरी ओर, प्रदेश के कई शहरों में गर्मी का असर देखा गया। सबसे गर्म छतरपुर का खजुराहो रहा। यहां तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया। छतरपुर के ही नौगांव में 44 डिग्री सेल्सियस रहा। सीधी और टीकमगढ़ में 43.6 डिग्री, दमोह-सतना में 43.5 डिग्री, शिवपुरी-गुना में 43.2 डिग्री, सागर में 43 डिग्री, रीवा में 42.8 डिग्री, मंडला में 42 डिग्री और रायसेन में 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में 44.2 डिग्री, जबलपुर में 41.2 डिग्री, भोपाल में 40.8 डिग्री, उज्जैन में 39.5 डिग्री और इंदौर में पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**इसलिए ऐसा मौसम** – सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम इन दिनों एक्टिव है। इनका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। इस कारण आंधी और बारिश हो रही है। अब गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। अगले चार दिन तक आंधी, बारिश के साथ लू का भी अलर्ट है।

### सीएम ने किया भूमिपूजन सौर ऊर्जा प्लांट का लोकार्पण भी

# भोपाल के समरधा में भोज-नर्मदा द्वार बनेगा

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल के होशंगाबाद रोड स्थित समरधा में भोज-नर्मदा द्वार बनेगा। इसके लिए रविवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव ने भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर निगम, भोपाल द्वारा सौर ऊर्जा परियोजना के प्रथम चरण में नीमच में स्थापित 10 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष कैलाश सूर्यवंशी, बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र यति भी मौजूद थे। बता दें कि नगर निगम भोपाल के दो मुख्य स्थानों पर द्वार बनवा रहा है। इसके लिए निगम परिषद की बैठक में प्रस्ताव भी पास हो चुका है। पहला गेट होशंगाबाद रोड और दूसरा इंदौर-भोपाल रोड पर प्रस्तावित है। एक द्वार के लिए आज भूमिपूजन हुआ, जबकि दूसरे द्वार के लिए जल्द ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इंदौर-भोपाल रोड पर विक्रमादित्य द्वार बनाया जाएगा।

**लोकार्पण**



### अन्य प्रवेश मार्गों पर भी बनेंगे द्वार

नगर निगम ने फिलहाल दो प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार बनाने की कार्ययोजना तैयार की है। ऐसी ही प्लानिंग अन्य मुख्य सड़कों यानी बैरसिया रोड, रायसेन रोड, कोलार रोड, विदिशा रोड, मुबारकपुर समेत अन्य के लिए भी बनाई जा रही है।
सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण - नगर निगम द्वारा सौर ऊर्जा -परियोजना के प्रथम चरण में नीमच में स्थापित 10 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष, एमआईसी मेंबर और पार्षद मौजूद रहे।

### प्रदेश की पहचान वीर शासकों से हो रही-सीएम

भूमिपूजन से पहले सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। मध्यप्रदेश का गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोक कल्याण के लिये जाना जाता है। वहीं राजा भोज को महान शिक्षक और योद्धा के रुप में याद किया जाता है। ऐसे में हमारी सरकार ने तय किया है कि हमारे गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसलिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर राजा भोज, विक्रमादित्य जैसे महापुरुषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे। जिससे भोपाल और मध्यप्रदेश का गौरवशाली इतिहास हमें पुन: उसी दौर में ले जाए। वहीं, इससे राजधानी भोपाल को नया स्वरुप भी मिलेगा।

# राधिका मदान को डेट कर रहे हैं विहान समत?

## रिलेशनशिप को लेकर खुल्लम-खुल्ला कह दी ये बात...



बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिनों फिल्मी सितारों के डेटिंग की खबरें सामने आती हैं। वहीं हाल ही में द रॉयल्स एक्टर विहान समत अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चाओं में आए हैं। दरअसल दोनों की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसे देखकर यह लगता है कि दोनों एक दूसरे को दिल दे बैठे हैं। जब से यह तस्वीर सामने आई है लोग यह जानने के लिए एक्साइटेड हो रहे हैं कि क्या सच में राधिका और विहान डेट कर रहे हैं ? वायरल हो रही इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि राधिका मदान ओवर साइज टीशर्ट और शॉर्ट्स में नजर आ रही है। वहीं विहान जींस और शर्ट में दिख रहे हैं। राधिका विहान का हाथ भी पकड़ी दिख रही हैं। इस तस्वीर को देखकर यह तो लग रहा है कि दोनों काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों की यह प्यारी सी तस्वीर तो सोशल मीडिया पर छाई हुई है, लेकिन अभी तक ना तो राधिका ने अपने रिलेशन में होने की खबर पर मुहर लगाई है और ना ही विहान रिश्ते को लेकर अभी कुछ कहना चाहते हैं। विहान समत ने हाल ही में फिल्मीबीट से 'द रॉयल्स' को लेकर बातचीत की। वहीं इसी मौके पर जब उन्हें उनकी और राधिका की तस्वीर दिखाई गई तब वह एक दम शांत हो गए इस तस्वीर को लेकर उन्होंने कुछ नहीं कहा, लेकिन चेहरे पर विहान के एक बड़ी सी स्माइल जरूर आ गई। विहान ने भले ही शब्दों से कुछ ना बोला हो, लेकिन अपने एक्सप्रेशन से वह बहुत कुछ कह गए। विहान ने आगे यह जरूर कहा कि वह एक चिपकू बॉयफ्रेंड जरूर हैं। लेकिन इसके बाद भी फैन्स को दोनों के ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार हैं।

# नुसरत भरूचा को शादी के लिए मिल रहे प्रपोजल

## फिर क्यों बिगड़ रही बात



टीवी और साउथ के बाद अब बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा रही नुसरत भरूचा आज अपना 40 वां जन्मदिन मना रही हैं। नुसरत ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। नुसरत का जन्म प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। नुसरत आज भले ही किसी परिचय की मोहताज न हों, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। फिल्म इंडस्ट्री में 'प्यार का पंजनामा' से शोहरत हासिल करने वाली नुसरत आज ओटीटी पर भी खूब धूम मचा रही हैं। एक्ट्रेस ने बहुत ही कम वक्त में अपना नाम बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल करवा लिया है। नुसरत ने अपने करियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी। एक्ट्रेस ने साल 2002 में टीवी सीरियल 'किट्टी पार्टी' में नजर आईं। इसके बाद वह टीवी शो 'सेवन' में दिखीं। छोटे पर्दे पर अपनी एक्टिंग का कमाल दिखा चुकी नुसरत ने टीवी की दुनिया को अलविदा कह दिया। नुसरत ने अपना रुख बॉलीवुड फिल्मों की तरफ कर लिया। नुसरत ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 'जय संतोषी मां' फिल्म से की थी। 'प्यार का पंचनामा' ने बदल दी नुसरत की किस्मत। लव रंजन के निर्देशन में बनी फिल्मों 'प्यार का पंचनामा' (2011) और 'आकाश वाणी' (2013) में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनय किया जो दोनों ही सुपरहिट रहीं। वहीं 'प्यार का पंचनामा 2' (2015) में आर्यन के साथ तीसरी बार काम कर शानदार सफलता हासिल की। नुसरत भरूचा अपने परिवार में इकलौती कमाने वाली हैं, लेकिन इसके बाद भी उन पर शादी का काफी प्रेशर है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि कैसे अरेंज मैरिज के लिए उन्हें लड़के देखने आते थे। बॉलीवुड बबल के इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं हाल ही में अपनी दादी से मिलने गई थी और उन्होंने मुझसे शादी करने को कहा... वो बोलीं तुम्हारे मां-बाप बूढ़े हो रहे हैं, तेरा ख्याल कौन रखेगा।

# दीपिका नहीं 'किंग' में सुहाना की मां बनेगी रानी मुखर्जी



फिल्म 'पठान' की ब्लॉकबस्टर सक्सेस के बाद एक्टर शाहरुख खान और डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद एक बार फिर एक्शन से भरपूर फिल्म 'किंग' में साथ आ रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर्स ने इस फिल्म में बड़े-बड़े कलाकारों को शामिल किया है। अब बड़ी जानकारी निकल कर सामने आ रही है कि इस फिल्म में रानी मुखर्जी की भी एंट्री हो गई हैं। गौरतलब है कि फिल्म किंग में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। इस फिल्म के साथ शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी लॉन्च हो रही हैं। वहीं किंग में अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, अरशद वारसी और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब रानी मुखर्जी का नाम भी जुड़ गया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक रानी मुखर्जी का फिल्म 'किंग' में कैमियो होगा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि फिल्म में रानी मुखर्जी सुहाना खान की मां का रोल करेंगी और ये फिल्म का इमोशनल पार्ट होगा। जो पूरी फिल्म में जान डाल देगा। हालांकि पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी दीपिका पादुकोण, सुहाना खान की मां का रोल करेंगी, लेकिन अब रानी मुखर्जी के नाम पर मुहर लग गई है।

सूत्रों ने बताया कि डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस रोल के लिए जब रानी से बात की तो वो तुरंत ही राजी हो गईं। रानी को इस फिल्म के लिए रानी मुखर्जी को महज 5 दिन की शूटिंग ही करनी होगी। 20s में रानी मुखर्जी और शाहरुख खान की जोड़ी ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। जिसमें 'कुछ कुछ होता है', 'कभी अलविदा ना कहना', 'चलते-चलते', 'वीर-जारा' जैसी फिल्में शामिल हैं। अब देखना होगा कि रानी और शाहरुख की जोड़ी फिल्म किंग में क्या कमाल कर पाती हैं। पठान, जवान और डंकी के बाद शाहरुख खान के फैंस को अब फिल्म 'किंग' का काफी बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 'किंग' को सिद्धार्थ आनंद ही डायरेक्ट करेंगे। शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म 'पठान' में भी साथ काम किया था। उनकी यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं शाहरुख खान ने फिल्म 'किंग' को लेकर कहा था कि 'यह एक्शन ड्रामा फिल्म है और यह काफी इंटरेस्टिंग होने वाली है। मैं कई सालों से इस तरह की फिल्म करना चाहता था। फिल्म 2026 के एंड तक रिलीज हो सकती है।

# सामंथा और राज के अफेयर को मिली हवा!

## फिल्ममेकर की पत्नी ने लिखा इमोशनल पोस्ट, सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल



एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और फिल्ममेकर राज निदिमोरु की डेटिंग अफवाहों के बीच, राज की पत्नी श्यामाली डे ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है। दरअसल, फिल्ममेकर राज और एक्ट्रेस सामंथा के बीच अफेयर की अफवाह इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। हाल ही में सामंथा ने राज के साथ अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं, जिनमें वो राज के कंधे पर सिर टिकाकर बैठी नजर आ रही हैं। इसी बीच, राज की पत्नी श्यामली दे ने भी सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट शेयर किया है, जो अब वायरल हो गया है। श्यामली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'मैं उन सभी को आशीर्वाद और प्यार भेजती हूं, जो आज मुझे सोचते हैं, देखते हैं, सुनते हैं, मेरे बारे में पढ़ते या लिखते हैं।' हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन यह पोस्ट उसी दिन आई जब सामंथा ने राज के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की थीं। इसके बाद से यह अटकलें तेज हो गईं कि श्यामली ने यह पोस्ट इशारों में ही सही, पर मौजूदा हालात को लेकर ही किया है। बता दें कि सामंथा ने अपनी डेब्यू प्रोडक्शन फिल्म 'शुभम' के प्रमोशन के दौरान यह तस्वीरें शेयर की थीं। उन्होंने लिखा, 'शुभम के साथ हमारा सफर शुरू हो चुका है। दिल, जुनून और नई कहानियों पर भरोसे के साथ।' राज और सामंथा की नजदीकियों की खबरें तब से सामने आ रही हैं, जब दोनों को तिरुपति मंदिर में साथ देखा गया था। हालांकि अब तक न तो राज और न ही सामंथा ने अपने रिलेशनशिप पर कोई खुलकर बयान दिया है। राज निदिमोरु ने 2015 में श्यामली दे से शादी की थी। श्यामली पेशे से साइकॉलजी ग्रैजुएट हैं और उन्होंने राकेश ओमप्रकाश मेहरा और विशाल भारद्वाज जैसे बड़े डायरेक्टर्स के साथ असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है। वो 'रंग दे बसंती', 'ओमकारा' जैसी फिल्मों में स्क्रिप्ट राइटर और क्रिएटिव कंसल्टेंट भी रह चुकी हैं। दोनों की एक बेटी भी है।

# फिल्म से पहले म्यूजिक वीडियो में लॉन्च हुई स्टारकिड

## लोगों को नहीं जमा डांस, बोले- 'कुछ समझ नहीं आया'



बॉलीवुड स्टारकिड्स के लिए बीते कुछ साल कोई खास नहीं रहे हैं। बीते दिनों आमिर खान के बेटे जुनैद खान, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर जैसे सितारों का डेब्यू बुरी तरह पिट गया है। अब फिल्मी परिवार की एक और स्टारकिड ने भी डेब्यू किया है। लेकिन ये डेब्यू फिल्म से पहले म्यूजिक वीडियो के जरिए किया गया है। लेकिन इस वीडियो के रिलीज होते ही आलोचनाओं का तांता लग गया। हम बात कर रहे हैं शनाया कपूर की। हाल ही में शनाया कपूर का सिंगर गुरु रंधावा के साथ म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ है। लेकिन फैन्स को इस वीडियो में शनाया कपूर का डांस नहीं भाया है और जमकर ट्रोल किया है। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'मेरा दिल इस ट्रैक में है। मेरा पहला ग्लोबल कोलाब, वाइब अब रिलीज हो गया है।' यह ट्रैक भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है। म्यूजिक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूज़र ने टिप्पणी की, 'आखिर यह स्टेप क्या है? पीछे के डांसर भी अकड़ और बोरिंग लग रहे हैं, शनाया को भूल जाइए।' एक अन्य यूज़र ने कहा, 'भाई, ये डांस मूव्स क्या हैं? वह कोशिश भी नहीं कर रही है, इतनी अकड़। लोग अपने स्कूल के वार्षिक डांस में कम रिहर्सल के साथ बेहतर प्रदर्शन करते हैं।' एक तीसरे यूजर ने कहा, 'इस गाने में कोई वाइब नहीं है।' एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, 'पूरे वीडियो में एक भी भाव नहीं है, वह चिंतित क्यों नहीं है, क्योंकि फिल्मों में भावों की आवश्यकता होती है।' काम की बात करें तो शनाया हिंदी फिल्म में अपनी शुरुआत 'आंखों की गुस्ताखियां' से करेंगी, जिसमें उनके साथ विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में होंगे। पहले वह 2022 में घोषित 'बेधड़क' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली थीं, जिसमें लक्ष्य और गुरफतेह पीरजादा भी थे और इसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया था।

# कोरियन धरती पर हिना खान का जलवा, नहीं दिख रहीं किसी राजकुमारी से कम

इन दिनों साउथ कोरिया की खूबसूरत वादियों में अपना खास वक्त बिता रहीं हैं, और अपनी इस जादुई जर्नी की तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ शेयर भी कर रहीं हैं. हाल ही में हिना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो किसी परी या यूं कहें राजकुमारी से कम नहीं लग रहीं है. वीडियो में हिना खान एक खूबसूरत सीढ़ी से नीचे उतरती नजर आ रही हैं. उन्होंने व्हाइट और पिंक कलर की बेहद सॉफ्ट नेट की फ्रॉक पहनी हुई है, जो उन्हें एक दम राजकुमारी जैसा लुक दे रही है. उनका हेयरस्टाइल भी बेहद खास है. छोटा, स्टाइलिश और माथे पर हल्की फ्रिंज हिना को बेहद खूबसूरत दिखा रही है. चारों तरफ हरियाली, पर्पल फ्लॉवर और ऊंचे-ऊंचे पेड़ नजर आ रहे हैं, जो इस नजारे को और भी जादुई बना रहे हैं. हिना की कोरिया ट्रिप वाकई किसी फेयरी टेल से कम नहीं दिख रही है. अपनी इस जर्नी में वह अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल के साथ कोरियन ड्रामा के मशहूर लोकेशंस को एक्सप्लोर कर रही हैं. दोनों ने पॉपुलर के-ड्रामा 'Goblin' के एक सीन को फिर से रिक्रिएट भी किया और जुमुनजिन बीच पर BTS बस स्टॉप की जगह भी देखी. वो स्पॉट जो के-पॉप फैंस के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है।



## ईशांत ने सुदर्शन-किशोर की तारीफ की, बोले-

# दोनों टीम के लिए इम्पैक्टफुल प्लेयर्स

**एजेंसी ● नई दिल्ली**





गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने अपनी टीम के युवा खिलाड़ियों साई सुदर्शन और साई किशोर की तारीफ की है। उन्होंने कहा, दोनों खिलाड़ियों को पता है कि टीम के लिए इम्पैक्टफुल परफॉर्मेंस कैसे करना है। ईशांत ने शनिवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में आईपीएल-2025 में प्लेऑफ रेस के बारे में बातचीत की। जहां उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे सीजन रुकने से टीम पर असर पड़ा और उन्होंने कोच आशीष नेहरा और कप्तान शुभमन गिल के साथ अपने बॉन्डिंग के बारे में भी बताया।

### सुदर्शन को अपने स्किल पर पूरा भरोसा

दैनिक भास्कर के सवाल पर ईशांत ने साई किशोर के बारे में बात करते हुए कहा, वे एक स्मार्ट खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि उन्हें जो भी मौका मिले, उसमें अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करना है। आप जानते है कि साई किशोर ने दूसरे गेंदबाजों की तुलना में कम ओवर गेंदबाजी की है, इसके बावजूद वह आईपीएल पर्पल कैप के दावेदार हैं। उन्होंने साई सुदर्शन के बारे में कहा, उन्हें अपने स्किल पर पूरा भरोसा है और वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाना है। वे बड़े हिटर नहीं हैं, लेकिन फिर भी अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेल सकते हैं, जैसे वे चौके मारते हैं, जिससे विपक्षी गेंदबाजों पर ज्यादा दबाव पड़ता है। आईपीएल में थोड़े समय के ब्रेक के बारे में बात करते हुए ईशांत ने कहा, इसका कोई असर नहीं पड़ा। शुरू में मुझे बताया गया था कि आईपीएल अब नहीं होगा। लेकिन जल्द ही उन्हें बताया गया कि खिलाड़ी अहमदाबाद जा रहे हैं, जहां उन्होंने टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की घोषणा से पहले ही अभ्यास शुरू कर दिया था।

### नेहरा-गिल के साथ मेरे संबंध बहुत मजबूत

ईशांत ने आगे कहा, कोच आशीष नेहरा और कप्तान शुभमन गिल दोनों के साथ मेरे संबंध बहुत मजबूत हैं। मैं युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव को साझा करने की कोशिश करता हूं कि मैच में स्थिति के अनुसार अपनी स्टॉक डिलीवरी का उपयोग कैसे करें, क्योंकि कोई भी खिलाड़ी पहले ओवर में अपने सभी पत्ते नहीं दिखा सकता है, बल्कि उसे थोड़ा सा ब्लफ करना पड़ता है।

**इकाना स्टेडियम में हैदराबाद से मुकाबला आज**

# प्लेऑफ के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स को जीतना ही होगा मैच

**ऐजेंसी ● लखनऊ**



पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है लेकिन नेट रन रेट -0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा। आईपीएल 2025 का 61वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। सोमवार को यह मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। करो या मरो मैच में जब लखनऊ की टीम हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी।

### पंत करना चाहेंगे अच्छा प्रदर्शन

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण एक सप्ताह के निलंबन के बार फिर से शुरू हो रही इस लीग में एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडकर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है लेकिन नेट रन रेट -0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।

### नीतीश और ईशान पर रहेंगी नजरें

सनराइजर्स के कुछ खिलाड़ियों के लिए लय हासिल करने का एक अच्छा मौका होगा खासकर नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भारत ए के इंग्लैंड दौरे से पहले कुछ उपयोगी पारियां खेलना चाहेंगे। लखनऊ की टीम के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी निराशा कप्तान पंत का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली के बाद वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से 128 रन ही बनाये है। यह इतना निराशाजनक है कि चीजों में यहां से सुधार की ही उम्मीद की जा सकती है।

### पूरन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

पंत का नाम भारतीय टेस्ट टीम की उपकप्तानी के लिए चर्चा में है। आईपीएल एक अलग प्रारूप है, लेकिन वह इंग्लैंड दौरे की टीम और कप्तान तथा उपकप्तान जैसी बड़ी घोषणा से ठीक पहले कुछ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। पंत के लिए यह मजबूरी वाला ब्रेक इससे बेहतर समय पर नहीं आ सकता था क्योंकि इससे इस खिलाड़ी को अपने खेल के विश्लेषण करने का अच्छा मौका मिला होगा। लखनऊ की टीम हालांकि अपने मुख्य बल्लेबाज निकोलस पूरन (410 रन) से भी एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन चाहेगी। वह शुरुआती पांच-छह मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद वह प्रभावित करने में नाकाम रहे। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम (348 रन) और मिचेल मार्श (378) से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

### ये खिलाड़ी रहेंगे निर्णायक

मध्यक्रम में आयुष बडोनी (326 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी खेल नहीं दिखा पाया है। डेविड मिलर अब तक सिर्फ 160 रन बना पाए हैं। रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में नाकाम रहे हैं लेकिन दिग्वेश राठी ने अपने पहले सत्र में 12 लेकर प्रभावित किया है। चोटिल मयंक यादव की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से गेंदबाजी में पैनापन आयेगा।

**भारत दौरे से पहले लिया अहम फैसला**

# ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को किया बर्खास्त

**एजेंसी ● लंदन**

भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। इससे पहले ही इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अहम फैसला लिया है। इंग्लैंड बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण सीरीज से पहले ही अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया है। ईसीबी ने यह फैसला इसलिए लिया है कि क्योंकि टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते थे।

**लेमन और वाइल्ड साथ छोड़ेंगे** = इंग्लैंड और भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड के दो सीनियर क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी। लीमन और वाइल्ड क्रमशः इंग्लैंड के सीनियर डेटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक हैं। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी भागीदारी समाप्त कर रहे हैं। दोनों ही वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज में शामिल नहीं होंगे।

# पंजाब ने राजस्थान को 10 रन से हराया, राष्ट्रगान भी बजा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर खेले गए आईपीएल 2025 के मुकाबले पंजाब ने राजस्थान को 10 रनों से हरा दिया। मैच के पहले राष्ट्रगान हुआ। राष्ट्रगान का फैसला भारतीय सैनिकों के सम्मान में लिया गया। बजाया गया था और खिलाड़ियों के साथ ही बीसीसीआई के अधिकारी बाउंड्री के पास सशस्त्र बल के सम्मान में खड़े हुए थे।

पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 219 रन बनाए थे। राजस्थान ने जवाब में 20 ओवर में सात विकेट पर 209 रन बनाए। पंजाब ने बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए दावा मजबूत कर लिया। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक जड़े, लेकिन पंजाब की टीम गेंदबाजों के दम पर वापसी करने में सफल रही।

**सीनियर भारतीय टीम के एलान में हो सकती है देरी**

# इंग्लैंड दौरे के लिए कानिटकर भारत-ए के कोच

**एजेंसी ● मुंबई**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी।

### घोष फील्डिंग कोच

कानिटकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे। भारत की 18 सदस्यीय टीम के 25 या 26 मई को इंग्लैंड रवाना होने की उम्मीद है। भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेला जाएगा।

नॉर्थैम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के बाद भारत ए टीम बेकनहम में 13 से 16 जून तक भारत सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले ए टीम से जुड़ जाएंगे। वहीं, क्रिकबज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम का चयन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसका चयन शुरू में 23 मई को किया जाना था, लेकिन आईपीएल के स्थगित होने और फिर से शुरू होने के कारण, इसमें देरी होने की संभावना है।

### टीम 6 जून को होगी रवाना

इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से लगभग दो सप्ताह पहले छह जून को रवाना होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के इंग्लैंड दौरे के लिए जल्दी रवाना होने की सूचना थी। हालांकि, अब क्रिकबज ने बताया है कि वह सामान्य कार्यक्रम के मुताबिक टीम के साथ यात्रा करेंगे। भारत को पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसके अगले चार मैच बर्मिंघम (दो जुलाई से), लॉर्ड्स (10 जुलाई से), मैनचेस्टर (23 जुलाई से) और द ओवल (31 जुलाई से) में खेले जाएंगे।

इंडिया 'ए' स्क्वॉडः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्ता/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**बिजनेस**

# तकनीक के साथ हमें चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत



**संवाददाता ● इंदौर**

इंडेक्स समूह मालवांचल यूनिवर्सिटी और अमलतास यूनिवर्सिटी और अमलतास समूह संस्थान में एम्स के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. रणदीप गुलेरिया ने मेडिकल छात्रो को संबोधित किया। उन्होंने आज की चिकित्सा पद्धति के साथ कोरोनाकाल के अपने अनुभव के बारे में छात्रों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर अमलतास और इंडेक्स समूह के संस्थापक चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया,चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया, अमलतास यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. शरद चंद्र वानखेड़े,प्रो.चांसलर डॉ. सलील भार्गव,डीन डॉ. ए. के पिडावा,रजिस्ट्रार डॉ.संजय रामबोले ने डॉ. रणदीप गुलेरिया को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

इस अवसर पर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि कोरोना काल के बाद हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में काफी विस्तार हुआ है। सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के साथ मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए काफी जोर दिया जा रहा है। आज तकनीक ने हमारी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र को काफी बदल दिया है। हमारे जीवन में जहां एआई और गूगल जैसे तकनीक का योगदान बढ़ता जा रहा है। वहीं आज के समय में तकनीक के साथ हमें चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें कॉलेज में में सिखाया गया था कि आप एक मरीज की जांच करें, निदान पर पहुंचे और उपचार शुरू करें। बढ़ती बीमारियों के इस दौर में हम चिकित्सा की कला और विज्ञान को कैसे संतुलित कर सकते यह समझना बेहद जरूरी हैं।ताकि हम रोगी को बेहतर देखभाल प्रदान करने में सक्षम हों, जो सुपर स्पेशिलिटी सर्विसेस और उस संबंध में डॉक्टरों को प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आज अमलतास अस्पताल एक सुपर स्पेशलिटी सेंटर के रूप में काम कर रहा है। आज के समय में शहरों से ज्यादा ऐसे क्षेत्रों में ऐसे अस्पतालों की बहुत जरूरत है जो ग्रामीण मरीजों के लिए एक मददगार की भूमिका निभाए।

# फीनिक्स सिटाडेल में वीरों को समर्पित रंगोली का शुभारंभ




**संवाददाता ● इंदौर**

फीनिक्स सिटाडेल मॉल में कलास्तंभ अंतरराष्ट्रीय कला समूह द्वारा एकभव्य और भावनात्मक रंगोली बनाई गई है, जो भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और ऑपरेशन सिंदूर के वीर सपूतों को समर्पित है। यह रंगोली न केवल रंगों का मिश्रण है, बल्कि बहादुरी, रणनीति औरबलिदान की कहानी भी कहती है। इसमें लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह, कमोडोर रघु आर. नायर और फॉरेन सेक्रेटरी विक्रम मिस्त्री जैसे रियल लाइफ हीरोज कोचित्रों और प्रतीकात्मक डिज़ाइनों के ज़रिए अमर रूप में दर्शाया गयाहै।

रंगोली का अनावरण 18 मई को मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर किया गया, जिसमें कई सम्माननीय अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विंग कमांडर वी. के. तिवारी, कर्नल शुधीर तम्हाणे, विंग कमांडर राकेश मुखाती, फ्लाइंग ऑफिसरशिव कुमार विश्वकर्मा, फ्लाइट इंजीनियर डॉ. एस. शर्मा, कमांडेंटअजय जैन, सार्जेंट सुरेन्द्र जायसवाल, कैप्टन नम्रता सावंत और वीरनारी प्रतिभा राजेन्द्र यादव, जो शहीद लांस नायक राजेन्द्र यादव कीधर्मपत्नी हैं।

यह आयोजन न केवल एक कला प्रदर्शन था, बल्कि उन सभी असलीनायकों के प्रति श्रद्धांजलि थी जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछन्यौछावर कर दिया।

# रियलमी हिप हॉप इंडिया सीज़न 2 के लिए मलाइका के साथ क्रिएटिव पेश

**एजेंसी ● मुंबई**




रियलमी हिप हॉप इंडिया सीज़न 2, जो अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हो रहा है, पिछले पांच हफ्तों में 20.1 मिलियन दर्शकों का आंकड़ा पार करते हुए हर किसी की वॉच-लिस्ट में छाया हुआ है। इस सफलता की लहर को आगे बढ़ाते हुए, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने पोकेमॉन के साथ अपनी तरह के पहले, रचनात्मक सहयोग के साथ शो में एक नया मोड़ जोड़ा है! यह सहयोग अमेज़न एमएक्स प्लेयर की प्रमुख ब्रांड्स के साथ अपनी फ्लैगशिप IP के माध्यम से मार्केटिंग-फर्स्ट पार्टनरशिप्स बनाने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

दुनिया के सबसे पसंदीदा ग्लोबल एंटरटेनमेंट ब्रांड्स में से एक को भारत के एकमात्र हिप-हॉप डांस रियलिटी शो से जोड़ते हुए, यह अनोखा सहयोग एक खास डांस परफॉर्मेंस के साथ शुरू हुआ, जिसमें एक आइकॉनिक पोकेमॉन देखने को मिला, जो अपनी बिजली जैसी ताकत के लिए वो जाना जाता है। हां, सचमुच! पिकाचू की विशेष मौजूदगी वाले इस मस्ती भरे डांस रूटीन ने सेट पर जोरदार तालियों और उत्साह की लहर दौड़ा दी। इस साझेदारी को एक नए मुकाम पर ले जाते हुए, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने पोकेमॉन ट्रेडिंग कार्ड गेम पॉकेट के साथ मिलकर एक बेहद रचनात्मक वीडियो जारी किया है, जिसमें कोई और नहीं बल्कि मलाइका अरोड़ा हैं, जो पहली बार इस सीज़न के जजिंग पैनल में शामिल हुई हैं। वीडियो में डिजिटल पोकेमॉन कार्ड पैक खोलने के अनुभव को एक ड्रैमेटिक हिप-हॉप डांस बैटल के रूप में पेश किया गया है, जिसमें हर मूव पोकेमॉन की सिग्नेचर पावर्स से प्रेरित है। यह रोमांच को नृत्य और शैली के साथ सहजता से मिश्रित करके दर्शकों के लिए एक मनोरंजन का एक अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत करता है।

### दिल्ली और भारत के लिए एक रणनीतिक, गुणवत्ता-आधारित विकल्प

# नेपाल और भूटान से आयातित बीयर का बढ़ता चलन

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

एक विकसित होती और गुणवत्ता के प्रति जागरूक होती पेय संस्कृति में, दिल्ली का बीयर बाजार एक बदलाव से गुजर रहा है—जहां पड़ोसी देशों जैसे नेपाल और भूटान से आयातित बीयर की मांग तेजी से बढ़ रही है। ये आयात न केवल अधूरी मांग को पूरा कर रहे हैं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और आर्थिक कूटनीति में नए मानक भी स्थापित कर रहे हैं।



## शुद्धता की पहचान: बेहतरीन गुणवत्ता वाला पानी

बीयर का मूल तत्व पानी होता है, जो इसके 95% तक भाग को बनाता है। पानी का स्रोत और उसकी शुद्धता बीयर के स्वाद, बनावट और फिनिश को गहराई से प्रभावित करते हैं। नेपाल और भूटान से आयातित बीयर प्राकृतिक हिमनदों से प्राप्त शुद्ध जल से बनाई जाती हैं, जो खनिजों से भरपूर होता है और स्वच्छ पारिस्थितिक तंत्रों से होकर प्राकृतिक रूप से छनकर आता है। इससे बीयर अधिक स्मूद, कुरकुरी और परिष्कृत स्वाद वाली बनती है। इसके विपरीत, भारत में कई छोटे पैमाने की घरेलू ब्रुअरी ट्रीटेड ग्राउंडवाटर या नगरपालिकाओं के जल स्रोत का उपयोग करती हैं, जो स्वाद और शुद्धता के लिहाज से कमजोर होते हैं।

## स्वास्थ्य और सुरक्षा का कठोर पालन, हर कदम पर प्रमाणित



- भारत में प्रवेश करने से पहले हर आयातित बीयर कई स्तरों की कड़ी जांच से गुजरती है।
- हर खेप के साथ ये प्रमाणपत्र होते हैं।
- स्वास्थ्य प्रमाणपत्र (जैसे NFTL, BFDA या संबंधित मंत्रालय द्वारा) रासायनिक विश्लेषण रिपोर्ट, सूक्ष्मजीव रिपोर्ट (जो बैक्टीरिया या अन्य जैविक संदूषण से मुक्त होने की पुष्टि करती है)।
- इससे उपभोक्ता को भरोसेमंद, सुरक्षित और गुणवत्ता सुनिश्चित उत्पाद मिलता है।

## तकनीकी बढ़त: आधुनिक यूरोपीय ब्रूइंग सिस्टम

नेपाल और भूटान की ब्रुअरीज़ में अत्याधुनिक यूरोपीय तकनीकें इस्तेमाल होती हैं, जैसे: ऑटोमेशन, क्लोज़-लूप फर्मेंटेशन, हाइजीनिक पैकेजिंग, और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, विशेषकर भूटान के कार्बन-न्यूट्रल दृष्टिकोण के अनुरुप। इससे गुणवत्ता, स्वच्छता और उत्पादन क्षमता में निरंतरता सुनिश्चित होती है। भारत की कई ब्रुअरी अभी भी पुरानी तकनीक पर चल रही हैं, जिन्हें तुरंत आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।

## जबकि घरेलू इकाइयों में कई बार



- टैंक की सफाई न होना,
- एल्कोहल स्तर का अस्थिर होना,
- पैकिंग की खराब गुणवत्ता,
- ब्रांड की अनुपलब्धता जैसी समस्याएं देखी गई हैं।

## युवा वर्ग की गुणवत्ता पसंद प्रवृत्ति

भारत का युवा शहरी वर्ग अब किफायती से ज्यादा प्रीमियम गुणवत्ता, स्वाद और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने लगा है।

## इस सोच ने बीयर बाजार को नई दिशा दी है

आयातित बीयर एक उच्च मानक प्रस्तुत कर रही हैं, जिससे घरेलू ब्रांड भी प्रेरित हो रहे हैं। यह घरेलू उद्योग के लिए खतरा नहीं, बल्कि एक अवसर है—गुणवत्ता और नवाचार में निवेश का।



## क्षेत्रीय कूटनीति और व्यापार को मजबूती

नेपाल और भूटान से बीयर का आयात केवल व्यापारिक फैसला नहीं, एक रणनीतिक और कूटनीतिक कदम भी है: यह भारत-नेपाल और भारत-भूटान समझौतों के तहत व्यापार को मजबूत करता है, भूटान की कार्बन-निगेटिव छवि और नेपाल की सतत निर्यात नीति भारत को एक जिम्मेदार व्यापारिक भागीदार बनाती है, जिससे क्षेत्रीय सहयोग और सांस्कृतिक मेल बढ़ता है।

## इसके अलावा

- यह कानूनी आयात और वैल्यू-एडेड टैक्सेशन को बढ़ावा देता है
- रुपया मजबूत होता है और विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होती है।
- बाजार की कमी और आयात की भूमिका
- दिल्ली में बीयर की आपूर्ति में बड़ा अंतर है क्योंकि:
- यहां कोई स्थानीय उत्पादन इकाई नहीं है,
- हरियाणा, यूपी, राजस्थान से निर्भरता अधिक है, गर्मियों और त्योहारों में ये राज्य पहले अपनी जरूरतें पूरी करते हैं।



## इसके कारण: बीयर की किल्लत हो जाती है

- सरकारी शराब की दुकानों में स्टॉक नहीं रहता जबकि आयातित बीयर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं।
- *भारत की वैश्विक पेय पहचान का निर्माण*
- प्रीमियम बीयर के आयात से बाजार में विविधता आती है, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी इनोवेशन को बढ़ावा मिलता है,
- भारत एक गुणवत्ता-आधारित उपभोक्ता बाजार की दिशा में अग्रसर होता है,
- और यह दिखाता है कि भारत वैश्विक गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए तैयार है।
- प्रगति के उत्प्रेरक: संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में एक कदम नेपाल और भूटान से उच्च गुणवत्ता वाली बीयर का आयात केवल व्यापार नहीं—यह उपभोक्ता सुरक्षा, बाजार सुधार की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है।



## शॉट न्यूज

### गाजा पर इजराइली हमले में 3 दिन में 250 मौतें

**गाजा।** इजराइली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया है। इस ऑपरेशन के तहत इजराइल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजराइल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजराइल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री ऑपरेशन की शुरुआत की थी। इजराइल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजराइली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा।

### ट्रम्प फिर पलटे, बोले- युद्ध मैंने रुकवाया, पर नहीं मिला क्रेडिट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैं 'N वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वॉर। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं।

### महाराष्ट्र : भिवंडी के पार्षद हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# समाज का चरित्र बिगड़ा, अब लोग सच के लिए खड़े नहीं होते

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के भिवंडी के पार्षद हत्या मामले में सुनवाई की। मामले में गवाहों की सुरक्षा को लेकर खतरा जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि समाज का चरित्र बिगड़ रहा है इसलिए आजकल लोग सच के लिए खड़े होने को तैयार नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि वह 2017 के भिवंडी पार्षद हत्या मामले में मौखिक गवाही के लिए बड़ी संख्या में गवाहों पर क्यों निर्भर है?

**टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कांग्रेस पार्षद की हत्या मामले में मुख्य साजिशकर्ता प्रशांत भास्कर महात्रे की जमानत याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने राज्य सरकार के वकील को महत्वपूर्ण गवाहों की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ताकि गवाहों से बात करके आगे की कार्रवाई तय की जा सके। जब राज्य सरकार के वकील ने कहा कि उन्हें आरोपपत्र में बताए गए 200 गवाहों में से 75 गवाहों से पूछताछ करने की जरूरत है, तो पीठ ने कहा कि समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सच के लिए खड़े होने को तैयार नहीं हैं।

आप इतने सारे गवाहों की गवाही पर क्यों भरोसा कर रहे हैं? ये गलत नहीं है कि गैंगस्टर गवाहों पर दबाव डाल सकते हैं और गवाह बाद में अपने बयान से मुकर सकते हैं। क्योंकि इस देश में गवाहों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। पीठ ने कहा कि जब राज्य सरकार मामले में महत्वपूर्ण गवाहों की सूची पेश कर देगी तो हम मुकदमे को शीघ्र पूरा करने के लिए समय-सीमा तय करेंगे। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि बंबई हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका की सुनवाई की थी तो 14 में से 10 गवाह अपने बयान से पलट गए थे। पीठ ने वकील से आरोपी महात्रे के आपराधिक इतिहास के बारे में पूछा। वकील ने बताया कि आरोपी पर दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी महात्रे के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनके खिलाफ दर्ज कई मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया है। इस पर पीठ ने तंज कसा कि किसी चमत्कार की उम्मीद मत कीजिए। हम चाहते हैं कि मुकदमे में तेजी आए। समाज में शांति रहे। अगर महात्रे जेल से बाहर आ गए तो बहुत से लोगों की रातों की नींद उड़ जाएगी। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि अदालत तकनीकी तौर पर मामले की निगरानी नहीं कर रही है, बल्कि पर्यवेक्षण कर रही है, ताकि मामले में सुनवाई में तेजी लाई जा सके।



### 2017 में हुई थी पार्षद की हत्या

भिवंडी-निजामपुर नगर निगम में तीन बार कांग्रेस पार्टी से पार्षद रह चुके मनोज महात्रे पर 14 फरवरी 2017 को हमला किया गया था, इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के चचेरे भाई प्रशांत भास्कर महात्रे और सात अन्य को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया था कि मृतक महात्रे और आरोपी प्रशांत के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता थी।

### दुश्मन ने खुद ही बता दिए थे अपने ठिकाने

# भारत ने डमी एयरक्राफ्ट के जरिए पाक को बनाया मूर्ख

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल था। लेकिन भारत ने इसका जवाब ऐसा दिया कि पाकिस्तान के होश उड़ गए। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों तबाह कर दिया। लेकिन असली मजा तो तब आया, जब भारतीय वायुसेना ने अपनी चालाकी से पाकिस्तानी सेना को चकमा दे दिया। दरअसल वायुसेना ने नकली विमानों का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को धोखा दिया। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय एयरफोर्स ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के 12 में से 11 एयर बेस को निशाना बनाया। लेकिन हमला करने से पहले हमारी वायु सेना ने नकली लड़ाकू विमानों का जाल बिछाया। पाकिस्तानी रडार को लगा कि असली विमान आ रहे हैं और उन्होंने अपने HQ-9 मिसाइल सिस्टम को



एक्टिवेट कर दिया। बस, यही उनकी सबसे बड़ी गलती थी। जैसे ही उनके डिफेंस सिस्टम की लोकेशन उजागर हुई, भारतीय सेना ने उन्हें आसानी से निशाना बना लिया। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, स्कैल्प, रैम्पेज और क्रिस्टल मेज जैसी लंबी दूरी की मिसाइलों ने पाकिस्तानी एयर बेस को तहस-नहस कर दिया। करीब 15 ब्रह्मोस मिसाइलों ने हवाई पट्टियों, हैंगर और संचार ढांचे को नेस्तनाबूद कर दिया। खबर है कि सिंध में एक एयर अलर्ट विमान और कई ड्रोन भी तबाह हो गए। रक्षा सूत्रों ने बताया कि ब्रह्मोस का जंग में पहली बार इस्तेमाल हुआ और इसका असर इतना जबरदस्त था कि पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई का ख्याल ही छोड़ दिया।

### देशभर के स्मारकों और म्यूजियम पर लागू रहेगा ये आदेश

# लाल किला हो या ताजमहलआज सबको मिलेगी फ्री एंट्री

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर पुरातत्व सर्वेक्षण भारत (ASI) ने घोषणा की है कि 18 मई को देशभर के सभी ASI के संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में आम जनता के लिए प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा। हर साल मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का उद्देश्य संग्रहालयों की भूमिका को समझना है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समुदायों व पीढ़ियों के बीच संवाद स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस बार ASI ने जनता को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए 52 साइट-म्यूजियम और देश के सभी टिकट वाले स्मारकों में मुफ्त प्रवेश की सुविधा दी है। इन स्थलों पर भारत के प्राचीन उपकरणों, मूर्तियों, मध्यकालीन शिलालेखों सहित अनेक महत्वपूर्ण पुरातात्विक वस्तुएं संरक्षित हैं।

**आदेश**



### वर्चुअल एक्सपीरियंस संग्रहालय बनाए गए

हाल ही में भारत का पहला भूमिगत संग्रहालय हुमायूं के मकबरे में खोला गया है। साथ ही वाराणसी के मणि महान वेधशाला और ओडिशा के ललितगिरी पुरातात्विक स्थल पर भी वर्चुअल एक्सपीरियंस संग्रहालय बनाए गए हैं। 18 मई को ताजमहल, लालकिला सभी जगह फ्री में एंट्री मिलेगी। ASI के संग्रहालयों को समाज के हर वर्ग की जरुरतों के अनुसार आधुनिक तकनीकों से सजाया जा रहा है, जिनमें AR (ऑगमेंटेड रियलिटी) और VR (वर्चुअल रियलिटी) जैसे तकनीकों को शामिल किया जा रहा है ताकि आगंतुकों को बेहतर अनुभव मिल सके। ASI के पास 3,698 संरक्षित स्मारक और स्थल हैं, जिनमें से 26 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल हैं। यह ASI की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो देश की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और स्थापत्य कौशल को संरक्षित करने और मनाने में है। इस मुफ्त प्रवेश योजना से आम जनता को अपनी संस्कृति और इतिहास के करीब आने का अवसर मिलेगा और वे इन अनमोल स्थलों का आनंद और ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)